www.epaper.azadsipahi.in

30 जनवरी, 2023
माघ, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2079
पृष्ठ : 24, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 102




पुलिस एएसआइ ने ओड़िशा के स्वास्थ्य मंत्री को मारी गोली, इलाज के दौरान मौत

## राज्यपाल ने कहा- विधेयक की समीक्षा करे सरकार

# 1932 आधारित स्थानीय नीति विधेयक को लौटाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने राज्य की हेमंत सरकार को बड़ा झटका दिया है। राज्यपाल ने विधानसभा से पारित 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक 2022 को वापस कर दिया है। राज्यपाल ने कहा है कि सरकार इस विधेयक की वैधानिकता की समीक्षा करे कि यह संविधान के अनुरूप और उच्च न्यायालय के आदेशों और निदेशों के अनुरूप हो। राज्यपाल ने कहा है कि यह विधेयक की समीक्षा के क्रम में स्पष्ट पाया गया है कि संविधान की धारा 16 में सभी नागरिकों को नियोजन के मामले में समान अधिकार प्राप्त है। संविधान की धारा- 16(3) के अनुसार मात्र संसद को यह शक्तियां प्रदत्त हैं कि वे विशेष प्रावधान के तहत धारा 35 (ए) के अंतर्गत नियोजन के मामले में किसी भी प्रकार की शर्तें लगाने का अधिकार अधिरोपित कर सकते हैं। राज्य विधानमंडल को यह शक्ति प्राप्त नहीं है।

एवीएस नरसिन्हा राव और अन्य बनाम आंध्र प्रदेश और अन्य (एआइआर 1970 एससी 422) में भी स्पष्ट व्याख्या की गयी है कि नियोजन के मामले में किसी भी प्रकार की शर्तें लगाने का अधिकार मात्र भारतीय संसद में ही निहित है। इस प्रकार यह विधेयक संविधान के प्रावधान तथा उच्चतम न्यायालय के आदेश के विपरीत है। झारखंड राज्य के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र है जो पांचवीं अनुसूची के तहत आच्छादित होता है। उक्त क्षेत्रों में शत प्रतिशत स्थानीय व्यक्तियों को नियोजन में आरक्षण देने के विषय पर उच्चतम न्यायालय के संवैधानिक बेंच द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किया जा चुका है। उक्त आदेश में भी उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में नियुक्तियों की शर्तों लगाने के राज्यपाल में निहित शक्तियों को भी संविधान की धारा 16 के विपरीत घोषित किया गया था। सत्यजीत कुमार बनाम झारखंड राज्य के मामले में भी पुनः सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में राज्य द्वारा दिये गये शत प्रतिशत आरक्षण को असंवैधानिक घोषित किया गया था।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे ओड़िशा



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को ओड़िशा पहुंचे। बीजू पटनायक एयरपोर्ट, भुवनेश्वर में मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ज द कलिंगा हॉकी स्टेडियम भुवनेश्वर में आयोजित 15वें हॉकी विश्व कप (पुरुष) फाइनल मैच के दौरान स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। फाइनल मुकाबला जर्मनी और बेल्जियम के बीच खेला जायेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में की झारखंड के जनम सिंह सोय की तारीफ

आजाद सिपाही संवाददाता





**नयी दिल्ली/रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात की। मन की बात में पीएम मोदी ने झारखंड के जनम सिंह सोय का भी जिक्र किया। जनम सिंह सोय झारखंड के रहने वाले हैं। वह जनजातीय भाषा के विद्वान हैं। भारत सरकार ने अभी-अभी उन्हें पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में कहा कि टोटो, हो, कुइ, कुवी और मांडा जैसी जनजातीय भाषाओं पर काम करने वाले कई महानुभावों को पद्म पुरस्कार मिले हैं। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि धानीराम टोटो, जनम सिंह सोय और बी रामकृष्ण रेड्डी के नाम से अब पूरा देश परिचित हो गया है। जनम सिंह सोय झारखंड के अति पिछड़े जिले पश्चिमी सिंहभूम से आते हैं। जनजातीय भाषा हो के उत्थान के लिए वह पिछले चार दशक से काम कर रहे हैं।

**इसी साल मिला है पद्म श्री पुरस्कार :** जनम सिंह सोय की इसी प्रतिबद्धता के लिए उन्हें भारत सरकार ने गणतंत्र दिवस पर देश का प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार देने का एलान किया। जनम सिंह सोय शुरू से ही हो भाषा के विकास के लिए प्रयासरत रहे। उनका रिसर्च पेपर भी हो लोकगीत का साहित्यिक और सांस्कृतिक अध्ययन पर था। वर्ष 2012 में कोल्हान विश्वविद्यालय से रिटायर होने वाले डॉ सोय घाटशिला कॉलेज के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष रह चुके हैं।

**हो भाषा के विद्वान हैं जनम सिंह सोय :** बता दें कि 8 अगस्त 1950 को जन्मे जनम सिंह सोय ने हो जनजाति की संस्कृति और उनकी जीवनशैली पर 6 पुस्तकें लिखी हैं। हो भाषा को पीजी के पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए उन्होंने लंबा संघर्ष किया। वह 4 दशक से भी ज्यादा समय से हो भाषा के संरक्षण और प्रचार-प्रसार में जुटे हैं। 72 वर्षीय डॉ सोय की पुस्तकों में आधुनिक हो शिष्ट काव्य समेत 6 पुस्तकें हैं।

# भाजपा ने चुनावों को लेकर बूथ सशक्तीकरण टीम का किया गठन, आशा लकड़ा भी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपनी कमर कस ली है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव 2024 और विभिन्न राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से बूथ सशक्तीकरण के लिए टीम का गठन किया है। राष्ट्रीय स्तर पर 8 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। यह टीम फरवरी-मार्च महीने में काम करेगी।


राष्ट्रीय बूथ सशक्तीकरण टीम में राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर डॉ आशा लकड़ा को भी शामिल किया गया है। भाजपा में बूथ सशक्तीकरण महत्वपूर्ण कार्य है। इसके आलावा राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर डॉ आशा लकड़ा को पश्चिम बंगाल जैसे महत्वपूर्ण राज्य का सह प्रभारी भी बनाया गया है। साथ ही मन की बात कार्यक्रम के तहत पांच राज्यों (पुडुचेरी, सिक्किम, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, लक्ष्यद्वीप) का प्रभारी और स्वावलंबी भारत अभियान के तहत चार राज्यों (असम, मध्य प्रदेश, ओड़िशा व छत्तीसगढ़) का प्रभारी बनाया गया है।

**बूथ सशक्तीकरण अभियान के लिए बनायी गयी टीम :** शिव प्रकाश- राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, तरुण चूघ- राष्ट्रीय महामंत्री, विनोद तावडे - राष्ट्रीय महामंत्री, अरविंद मेनन राष्ट्रीय मंत्री, आशा लकरा- राष्ट्रीय मंत्री, सरोज पांडे- सांसद राज्यसभा, अमित मालवीय राष्ट्रीय प्रभारी आइटीएम सोशल मीडिया, प्रदीप सिंह वाघेला- प्रदेश मंत्री गुजरात।

**बूथ सशक्तीकरण अभियान के तहत इन कामों को करना होगा पूरा :** बूथ सशक्तीकरण अभियान को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार तथा भाजपा शासित प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना प्राथमिकता है।













आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

## आमरण अनशन पर बैठे अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी पड़ रहे बीमार

# एंबुलेंस नहीं मिली तो ऑटो से ले गये अस्पताल

**अस्पताल में दो की हालत गंभीर, 12 दिनों से हड़ताल में हैं अनुबंधित चिकित्सा कर्मी**

**राज्य के विभिन्न जिलों के अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था चरमरायी हुई है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के विभिन्न जिलों के अस्पतालों में बीते 12 दिनों से स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था चरमरायी हुई है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि इन अस्पतालों की व्यवस्था वर्षों से अनुबंध पर काम कर रहे कर्मी संभाले हुए थे। वे सभी कर्मी 12 दिनों से हड़ताल में हैं। वहीं कई अनुबंधित चिकित्सा कर्मी राजभवन के पास आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं।

आमरण अनशन पर बैठे स्वास्थ्य कर्मियों की हालत बिगड़ने लगी है। बीते 12 दिनों के आमरण अनशन के दौरान चार कर्मचारी ऐसे हैं, जिनकी हालत एकदम से खराब हो गयी है। ये सभी अस्पताल में इलाजरत हैं। दो की हालत गंभीर हो गयी है। राजभवन के पास झारखंड राज्य अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ एवं झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम-जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ के बैनर तले आमरण अनशन किया जा रहा है। आमरण अनशन पर बैठे 21 अनशनकारियों में अब तक चार की तबीयत बिगड़ चुकी है। इन सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। दो लोगों की स्थिति गंभीर है। डॉक्टरों के मुताबिक ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ है। वहीं शुगर का लेवल भी बढ़ा हुआ पाया गया है। अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ के राज्य सचिव नवीन गुप्ता ने बताया कि सरकार मांगें तो मान नहीं रही है, लेकिन यहां अनशन पर बैठे सहयोगियों की तबीयत बिगड़ी है, तो अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस तक नहीं मिल रही है।

## अल्पसंख्यकों की विभिन्न मांगों को लेकर 11 मार्च को होगा राज्य कन्वेंशन

**रांची।** अल्पसंख्यकों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर आगामी 11 मार्च 2023 को एसडीसी हॉल रांची में राज्य अल्पसंख्यक अधिकार कन्वेंशन आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड राज्य के वामदलों सीपीआइ, सीपीआइएम और भाकपा माले और संरक्षित अल्पसंख्यक अधिकार समन्वयक समिति झारखंड द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान केंद्र की भाजपानीत मोदी सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों पर लगातार हो रहे हमले को लेकर चर्चा की जायेगी। इसके साथ ही झारखंड राज्य में अल्पसंख्यक आयोग, वक्फ बोर्ड, उद- विमर्श किया जायेगा। इन सभी मुद्दों को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल से मुलाकात करेगा और उन्हें ज्ञापन सौंपेगा। कन्वेंशन में इसे लेकर निर्णय लिया जायेगा। कन्वेशन में ओड़िशा हाइकोर्ट के सेवानिवृत्त जज मनोरंजन मोहंती, पूर्व सांसद सुभाषिनी अली, सीपीआइ के सचिव अतुल कुमार अंजान, पंजाब और हरियाणा हाइकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अश्विनी बख्शी, भाकपा माले केंद्रीय कमेटी के सदस्य स्कूल ऑफ लॉजीडी गोयनका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अफकार आलम सहित वामदलों का राज्य नेतृत्व मुख्य रूप से भाग लेगा।

## मधुबन में योग की रसधार, बाबा रामदेव के सानिध्य में आचार्य प्रसन्न सागर ने भी किया योगाभ्यास




आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह में आचार्य प्रसन्न सागर महाराज के महा पारणा महोत्सव के दूसरे दिन रविवार सुबह पारसनाथ पर्वत सह सम्मेद शिखरजी की तलहटी मधुबन में योग की रसधार बही। योगगुरु बाबा रामदेव ने आचार्य प्रसन्न सागर जी, साधु समेत सबों को योगाभ्यास कराया। शिविर में जैन-गैर जैन सभी ने भाग लिया और डेढ़ घंटे योग के आसन किए। मधुबन में बाबा रामदेव का यह पहला योग शिविर था।

मंच पर विराजमान प्रसन्न सागर महाराज बाबा रामदेव के साथ योग करते दिखे और बीच-बीच में योग शिविर में योग कर रहे लोगों को योग के बारे में अहम जानकारियां देते रहे। कभी माइक पर बाबा रामदेव तो कभी प्रसन्न सागर बोलते दिखे। वे योग के महत्व को बता रहे थे।

### गर्मी में भी जारी रखा योगाभ्यास

आचार्य ने कहा कि मौन साधना, 557 दिनों के उपवास के बीच वे योगासन करते रहे। मई-जून की भीषण गर्मी में भी प्रतिदिन 12 से दो बजे दोपहर तक सूयोर्पासना करते थे। पीठ की त्वचा तक जल गयी थी। नियमित भरस्तिका, कपालभांति, अनुलोम-विलोम करते रहे। उन्होंने बताया कि 10 माह रात में सोये नहीं, सिर्फ जाप करते रहे।

### बताये योग करने के फायदे

योग शिविर के दौरान बाबा रामदेव ने सिंघासन, कपाल भांति, अनुलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार,आदि योग करने की विधियां बतायी तथा इसके फायदे बताये। योग गुरु ने कहा कि देश संविधान व धर्म से चलता है। केंद्र सरकार ने सम्मेद शिखर जी के तीर्थतत्व को कायम रखा। यह अहम पहल है। बता दें कि लगभग साढ़े नौ बजे तक मंच से बाबा रामदेव योग करते-कराते रहे, फिर आधे घंटे तक प्रसन्न सागर महाराज से बातचीत की। उसके बाद सिद्धायतन पहुंचे। यहां भी उनसे मिलने के लिए लोगों की काफी भीड़ लगी रही।

## एनसीएसटी में एसपी रैंक के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, गृह मंत्रालय ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग में प्रतिनियुक्ति के आधार पर एसपी रैंक के अधिकारियों का पद भरा जायेगा। इसको लेकर गृह मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि मुझे उपरोक्त विषय का उल्लेख करने और यह कहने का निर्देश मिला है कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने भारतीय पुलिस सेवा (वेतन में स्तर -12) के उपयुक्त ग्रेड में एसपी रैंक के एक पद को भरने का प्रस्ताव प्रतिनियुक्ति के आधार पर दिया है। इसलिए राज्य सरकारों से अनुरोध है कि वे इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों का नामांकन भेजें।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनीता देवी
मुखिया
पंचायत सिलीदाग
रमना, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय केशरी
वरिष्ठ भाजपा नेता
बंशीधर नगर , गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कामिल तिर्की
प्रधानाध्यापक, मध्य विद्यालय बघवार, प्रखंड भंडरिया, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास कुमार
असिस्टेंट इंजीनियर
प्रखंड भंडरिया, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय बुका प्रखंड भवनाथपुर जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सलमा बीवी
मुखिया, ग्राम पंचायत - आदर, प्रखंड- बरडीहा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष पांडेय
थाना प्रभारी(बरडीहा)
गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शंकर कमलापुरी
समाजसेवी
प्रखंड - बरडीहा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
तरवा देवी
पंचायत समिति सदस्य, ग्राम पंचायत-आदर, प्रखंड - बरडीहा, जिला- गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्याम सुंदर
प्रभारी हेड मास्टर
( मध्य विद्यालय बरडीहा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गुलाम बोस
समाजसेवी
बरडीहा प्रखंड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रवि शंकर
मनरेगा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रखंड भंडारिया, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
फरदिनन्द टोप्पो
प्रधानाध्यापक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोनहीखाड़, भंडारिया, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अलख नाथ पांडेय
निदेशक, आर के पब्लिक स्कूल, अधौरा, बंशीधर नगर
सी बी एस सी से मान्यता प्राप्त संस्थान, नमामंकन प्रारंभ है

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज कुमार तिवारी
प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड - कांडी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मदन महली
अंचल पदाधिकारी प्रखंड भंडरिया गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कन्हैया राम
वनों के क्षेत्र पदाधिकारी प्रखंड भंडरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रुखसाना विवि
मुखिया, ग्राम पंचायत - जतरो बंजारी, प्रखंड - बरडीहा गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दुर्गा देवी
पूर्व मुखिया, ग्रामपंचायत + प्रखंड-बरडीहा, गढ़वा






# झारखंड मुद्रा मोचन पार्टी से राज्य की जनता को निजात दिलानी है: बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य की जनता को झारखंड मुद्रा मोचन पार्टी से मुक्ति दिलानी है। मरांडी रविवार को अपने आवास पर पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा की सामाजिक कार्यकर्ता अनिता मुर्मू के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करा रहे थे।

उन्होंने कहा कि झारखंड की स्थिति भयावह हो चुकी है। भ्रष्टाचार चरम पर है। झामुमो सहित राज्य के सत्ताधारी खान खनिज, संसाधनों को लूटने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो आज मुद्रा मोचन पार्टी बनकर काम कर रही है। राज्य के विकास से इनका कुछ भी लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसी हालत में जनता का विश्वास सत्ताधारी दल से उठ

**पूर्व सीएम के आवास पर पाकुड़ जिले के कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली**

चुका है। जनता आशा भरी निगाहों से भाजपा और एनडीए गठबंधन की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में झामुमो के खिलाफ आक्रोश है। इसी का परिणाम है कि बड़ी संख्या में लोग रोज भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सुशीला पहाड़िया, रमेश पहाड़िया, निर्मला मुर्मू, कलामयी हेंब्रम, कमलेश पहाड़िया, विनोद पहाड़िया, मरामयी बास्की, कालू पहाड़िया, सीताराम पहाड़िया, संझली सोरेन, धूमा मुर्मू, असना पहाड़िया,नलखन पहाड़िया, बाभना प्रधान, सामु मुर्मू सहित अन्य हैं।

## मनरेगा में वित्तीय अनियमितता का आरोप

# सीएम ने दी कार्यपालक अभियंता के विरुद्ध अभियोजन चलाने की स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों में कार्रवाई करने के लगातार आदेश दे रहे हैं। इसी सिलसिले में मनरेगा योजना में वित्तीय अनियमितता के आरोपित पदाधिकारी कृष्ण बिहारी राम, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, एनआरइपी, लातेहार के विरुद्ध अभियोजन चलाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान कर दी है। उनके विरुद्ध लातेहार जिला के मनिका थाना में 12 अगस्त 2010 को प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

**मनरेगा में अवैध तरीके से राशि निकासी और वित्तीय अनियमितता से जुड़ा है मामला**

### क्या है पूरा मामला

लातेहार जिला के मनिका थाना में 12 अगस्त 2010 को दर्ज प्राथमिकी के अनुसंधान के क्रम में श्री कृष्ण बिहारी राम, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना 162/2007 -08 की प्राकल्लित राशि में अवैध तरीके से राशि की निकासी की गयी।

ऐसे में अभियुक्तों पर सरकारी पद का दुरुपयोग, आपराधिक षड्यंत्र, धोखाधड़ी और प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से साजिश के तहत वित्तीय अनियमितता करते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप गठित है।

उक्त मामले में वादी श्रवण साय, परियोजना पदाधिकारी, लातेहार के आवेदन, औपचारिक प्राथमिकी, केस दैनिकी, गवाहों के बयान और पर्यवेक्षण टिप्पणी आलोक में प्राथमिक अभियुक्त के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत अभियोजन स्वीकृति का मामला बनता है।

# 31 जनवरी से खुलेगा राजभवन उद्यान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में 52 एकड़ में फैले राजभवन का प्रतिष्ठित उद्यान आम लोगों के लिए मंगलवार 31 जनवरी से खोला जायेगा। 7 फरवरी तक सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक राजभवन उद्यान खुला रहेगा। आम लोग सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक राजभवन में प्रवेश कर पायेंगे।

प्रवेश करनेवाले व्यक्तियों को अपना पहचान पत्र दिखाना होगा। बता दें, राजभवन उद्यान में 250 वेराइटी के 15 हजार से अधिक गुलाब के फूल लगाये गये हैं। इसके अलावा लोग अशोक उद्यान, बुद्धा गार्डेन, अकबर गार्डेन में मौसमी फूलों को देख सकेंगे। परिसर में महात्मा गांधी औषधीय पौधे भी हैं।

# मुख्यमंत्री आज सरायकेला में लोगों को करेंगे संबोधित

**खतियानी जोहार यात्रा का पांचवां पड़ाव सरायकेला में**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खतियानी जोहार यात्रा का पांचवां पड़ाव 30 जनवरी को सरायकेला में है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस यात्रा में शामिल होकर लोगों को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन का लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। कार्यक्रम में आदिवासी कल्याण मंत्री चंपई सोरेन सहित कई मंत्री भी शामिल होंगे। डीसी और एसपी ने रविवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण क्रम में सबसे पहले कुंवर विजय प्रताप सिंहदेव राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय, सरायकेला का निरीक्षण करते हुए विद्यालय परिसर, कक्षा रूम, कंप्यूटर लैब, बायोलॉजी लैब, पार्किंग स्टैंड, किचन शौचालय आदि का जायजा लिया और स्कूल परिसर में साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद डीसी ने जनसभा कार्यक्रम के लिए बिरसा मुंडा स्टेडियम का निरीक्षण कर साफ-सफाई, पेयजल और चलंत शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने, लॉ एंड आर्डर, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात परिचालन आदि के संबंध में बिंदुवार चर्चा करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## सरकारी कार्यालयों में 30 को मनाया जायेगा शहीद दिवस

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के सभी सरकारी कार्यालयों में 30 जनवरी को शहीद दिवस मनाया जायेगा। कार्यालयों में सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन रख कर शहीदों को नमन किया जायेगा। शहीद दिवस पर देश के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित किया जायेगा। इसे लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने सभी विभागों के मुख्य सचिव, सभी प्रधान सचिवों, सभी सचिवों, पुलिस महानिदेशक, सभी आयुक्त, सभी उपायुक्त, सभी एसपी और सभी डीएसपी को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि 30 जनवरी को सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन धारण रखा जाये। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों में राष्ट्रीय एकता के बारे में बतायें। साथ ही इसमें आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

**वृष** प्रेम-प्रसंग में सफलता, विरोधियों पर विजय, पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

**मिथुन** व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी, शत्रु पराभूत होंगे, आकस्मिक धनलाभ होगा।

**कर्क** अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, मानसिक परेशानियों में कमी होगी।

**सिंह** धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

**कन्या** संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता, मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला** कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से मुक्ति मिलेगी।

**वृश्चिक** जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी, संपत्ति बढ़ेगी

**धनु** सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

**मकर** कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।

**कुंभ** जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझनें दूर होंगी।

**मीन** कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा।

# झारखंड श्रमिक संघ के उपाध्यक्ष बने विजय हांसदा, रामदास सोरेन और मथुरा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की आनुषांगिक इकाई झारखंड श्रमिक संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का विस्तार किया गया है।

झामुमो सांसद विजय हांसदा, विधायक रामदास सोरेन और मथुरा प्रसाद महतो संघ के उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। इसके अलावा संघ में महासचिव, संयुक्त महासचिव, संगठन सचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष, कार्यालय सचिव सहित कार्यकारिणी सदस्य भी नियुक्त हुए हैं। कार्यकारिणी सदस्यों की संख्या कुल 11 है। झारखंड श्रमिक संघ के अध्यक्ष झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन हैं। बता दें कि बीते 15 जुलाई 2022 को जमशेदपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम हॉल में झारखंड श्रमिक संघ का 9वां केंद्रीय महाधिवेशन हुआ था। महाधिवेशन में लिये निर्णय के तहत ही केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का विस्तार किया गया है।

**झारखंड श्रमिक संघ के अध्यक्ष झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन हैं**















आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 30 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



# 'भारत जोड़ो यात्रा' से राहुल गांधी ने क्या खोया-क्या पाया

## मुद्दा : विपक्षी एकता की कोशिशों को लगा जोरदार झटका, लेकिन अपनी छवि जरूर सुधार लिया कांग्रेस नेता ने

**कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी 147 दिन की पदयात्रा कर श्रीनगर पहुंच गये हैं। उन्होंने लाल चौक पर तिरंगा झंडा फहरा कर अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' समाप्त की है। कांग्रेस की इस बहुचर्चित यात्रा का औपचारिक समापन वैसे तो 30 जनवरी को होगा, लेकिन अब इस बात का मूल्यांकन जरूरी है कि 3570 किलोमीटर की यात्रा से राहुल गांधी ने क्या खोया और क्या पाया। सबसे बड़ा सवाल तो यही उठ रहा है कि क्या राहुल गांधी 2024 में विपक्ष के सर्वमान्य नेता और पीएम नरेंद्र मोदी से मुकाबला करने वाले चेहरे के रूप में उभरे हैं। इस सवाल का जवाब इतना आसान नहीं है, हालांकि यह सही है कि इस यात्रा ने राहुल गांधी की छवि को जरूर सुधार दिया है। समाज के हर वर्ग से, यहां तक कि संघ की तरफ से भी उनकी तारीफ ही हुई। संघ के नेता चंपत राय ने जिस तरह से भारत जोड़ो यात्रा की तारीफ की, राहुल गांधी के लिए वह किसी उपलब्धि से कम नहीं है। इतना ही नहीं, एक और बड़ी बात यह है कि राहुल बिना थके, बगैर छुट्टी लिये, महज टी-शर्ट पहने मंजिल की तरह बढ़ते रहे। ऐसे में कहा जा सकता है कि जब हर तरफ से विरोध के स्वर फूट रहे हों, किसी कोने से निकले तारीफ बड़ा सहारा होते हैं। राहुल गांधी की यात्रा से भले ही विपक्षी एकता की कोशिशों को झटका लगा हो, लेकिन देश के सियासी हलके में उन्होंने एक हलचल जरूर मचा दी है। यह हलचल शायद प्याली में तूफान सरीखा हो और राजनीति की मुख्य धारा में कांग्रेस की वापसी के लिए कारगर न हो, पर राहुल गांधी को इस यात्रा ने परिपक्व जरूर बनाया है। इतना परिपक्व कि वह मीडिया को भी खरी-खोटी सुनाने की कांग्रेसी परंपरा को बरकरार रखने के लिए आतुर दिखे। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के समापन पर इसका समग्र मूल्यांकन कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

कांग्रेस नेता राहुल गांधी 3570 किलोमीटर की पदयात्रा कर श्रीनगर पहुंच गये हैं। पिछले साल सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई 'भारत जोड़ो यात्रा' 12 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों को पार कर श्रीनगर पहुंच तो गयी है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है कि इस यात्रा से राहुल गांधी को हासिल क्या हुआ। यात्रा की शुरुआत में ही कहा गया था कि राहुल गांधी जिस सफर पर निकले हैं, उसमें तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से लेकर बिहार के सीएम नीतीश कुमार और विपक्ष के दूसरे नेताओं से लेकर विभिन्न संगठनों तक सभी की प्रतिक्रियाएं बहुत मायने रखती हैं। लेकिन सबसे अधिक मायने तो उस एक सामान्य कांग्रेसी और उससे भी आगे बढ़ कर एक आम भारतीय की प्रतिक्रिया रखती है, जो भारत की राजनीति की मुख्य धारा में कांग्रेस की वापसी और राहुल गांधी की छवि को बदलने की उम्मीद बांधे हुए था।

दक्षिण से उत्तर तक सड़क पर उतर कर करीब पांच महीने की मशक्कत से राहुल गांधी ने यह तो साफ कर ही दिया है कि कोई उनसे प्यार करे या नफरत , उनको भले ही नजरअंदाज किया जाये, कांग्रेस भले ही राजनीति की मुख्य धारा में नहीं है, लेकिन वह खुद एक मजबूत राजनीतिक हस्ती हैं। पूरी यात्रा के दौरान क्षेत्रीय दलों की विचारधारा को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणी के बावजूद राहुल गांधी ने एक राजनीतिक पहचान जरूर कायम कर ली है। यह भी कहा जा सकता है कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के जरिये जो फसल बोयी है, उसका असर 2023 में दिख सकता है, हालांकि 2024 में उठनेवाले सवाल 'मोदी बनाम कौन' का जवाब इस यात्रा से भी नहीं मिल सका। इसलिए यह नहीं मान कर चला जा सकता है कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के जरिये 2024 के आम चुनाव के लिए भी सारे बंदोबस्त कर दिये हैं या कोई पुख्ता इंतजाम कर चुके हैं।



भारत जोड़ो यात्रा के जरिये राहुल गांधी ने अब तक जो कुछ पाया है, ऐसे तो नहीं कहा जा सकता कि थोड़ा है, और थोड़े की जरूरत है। राहुल गांधी के केस में यह कहना ही बेहतर होगा कि थोड़ा तो मिल गया है, लेकिन ज्यादा मिलना बाकी है। और यह यूं ही नहीं मिलने वाला है। इसे पाने के लिए राहुल को अभी बहुत पापड़ बेलने पड़ेंगे।

'भारत जोड़ो यात्रा' से राहुल गांधी ने जो सबसे बड़ी बात सीखी, वह है, हेडलाइन मैनेजमेंट। राहुल गांधी अक्सर कह भी रहे हैं और यह कोशिश भी रही कि ऐसी कोई हेडलाइन न बन सके, जो पूरी तरह खिलाफ जाती हो। टी-शर्ट के मुद्दे को हैंडल किया जाना ऐसा ही एक उदाहरण है। इस दौरान उन्होंने बार-बार यह संदेश देने की कोशिश की कि मुख्य धारा की मीडिया और दूसरे संस्थानों की विश्वसनीयता पूरी तरह खत्म हो चुकी है। इसीलिए वह जनता से सीधे संवाद करने के लिए खुद उनके पास चलकर आये हैं। लेकिन मीडिया ने जिस तरह से राहुल गांधी की यात्रा को कवर किया, उससे एक बात तो साफ हो गयी कि मीडिया मैनेजमेंट में राहुल गांधी के हाथ जरा तंग हैं। वह अपने पूर्वजों की तरह मीडिया को अपना गुलाम बनाने में विश्वास रखते हैं। लेकिन एक महत्वपूर्ण बात यह है कि राहुल गांधी मीडिया को मसाला देना भी काफी हद तक सीख चुके लगते हैं, क्योंकि भारत जोड़ो यात्रा में अगर वह किसी से गले मिले, तो पलट कर किसी और से मुखातिब होते हुए आंख नहीं मारी।

राहुल गांधी की इस यात्रा के दौरान समाज के अलग-अलग हिस्सों के लोग शामिल हुए। इसकी चर्चा भी खूब हुई, लेकिन कांग्रेस को इस चर्चा की नहीं, चुनावी जीत की जरूरत है। यात्रा के दौरान गुजरात और हिमाचल में विधानसभा चुनाव के अलावा दिल्ली में एमसीडी चुनाव, लोकसभा की एक और पांच राज्यों में विधानसभा की छह सीटों के लिए उपचुनाव भी हुए। गुजरात में भाजपा ने जहां अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की, वहीं कांग्रेस को राज्य में अब तक की सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ा। हिमाचल में कांग्रेस सरकार बनाने में जरूर कामयाब हो गयी, लेकिन दिल्ली के एमसीडी चुनाव में भी उसका अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हुए उपचुनाव में कांग्रेस को जीत जरूर हासिल हुई। लेकिन इन चुनावी जीत का श्रेय किसी ने राहुल गांधी की यात्रा को नहीं दिया, क्योंकि वह खुद कह चुके थे कि उनकी इस यात्रा का मकसद राजनीतिक नहीं है। राहुल ने कहा था कि 'भारत जोड़ो यात्र-ा' 'चुनाव जीतो' या 'चुनाव जिताओ यात्रा' नहीं है। हालांकि यात्रा का एक उद्देश्य यह जरूर था कि कांग्रेस संगठन को मजबूत किया जाये, उसे संजीवनी दी जाये। इस मकसद में भी राहुल को कोई कामयाबी मिली, फिलहाल ऐसे संकेत तो नहीं हैं।

राजनीतिक प्रेक्षकों की मानें, तो इस यात्रा ने देश को थोड़ा कन्फ्यूज किया है कि इसका मकसद क्या था। राहुल गांधी ना तो कोई दार्शनिक हैं, ना ही कोई धर्म गुरु हैं, राहुल गांधी पूरी तरह एक राजनेता हैं, तो फिर उन्हें राजनीति से अलग करके नहीं देखा जा सकते है। कुल मिला कर यात्रा के दौरान लोग राहुल गांधी से जुड़ते हुए जरूर दिखे, लेकिन राजनीतिक तौर पर इससे क्या हासिल हुआ, फिलहाल यह तय कर पाना मुश्किल है।

# जगन्नाथपुर के योगदा सत्संग शैक्षणिक परिसर में नये भवनों का उद्घाटन

**वाइएसएस/एसआरएफ अध्यक्ष श्रीश्री स्वामी चिदानंद गिरि ने किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया/सेल्फ रियलाइजेशन फेलोशिप (वाइएसएस/एसआरएफ) के अध्यक्ष एवं आध्यात्मिक प्रमुख स्वामी चिदानंद गिरि ने 29 जनवरी को उच्च पदाधिकारियों, संन्यासियों, भक्तों और संस्थानों के अध्यापकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति में जगन्नाथपुर, रांची में योगदा सत्संग शैक्षणिक परिसर में अनेक नवनिर्मित भवनों का उद्घाटन किया। इन नये भवनों में योगदा सत्संग महाविद्यालय के लिए एक बड़ा सभा भवन एवं बहुद्देशीय कक्ष भवन और योगदा सत्संग विद्यालय के लिए एक अत्याधुनिक नया विद्यालय परिसर सम्मिलित हैं। नये विद्यालय परिसर का डिजाइन श्रीश्री परमहंस योगानंद द्वारा अपनाये गये प्राचीन गुरुकुल सिद्धांतों पर आधारित है।



### सरकार के सहयोग से निर्मित

सन 2018 में संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत परिचालित राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति ने श्रीश्री परमहंस योगानंदजी की 125वीं जयंती पर उन्हें सम्मानित करने और स्मरणोत्सव मनाने के उद्देश्य से भारत के इस महान आध्यात्मिक पुत्र की शिक्षाओं और आदर्शों के प्रसार के लिए अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों के आयोजन में वाइएसएस की सहायता करने का निश्चय किया था। इस योजना के अंतर्गत एक उपक्रम जगन्नाथपुर, रांची में योगदा सत्संग विद्यालय एवं महाविद्यालय की शैक्षणिक सुविधाओं में सुधार करना था। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने इस परियोजना के लिए आठ करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृति की थी। मौके पर स्वामी चिदानंदजी ने कहा कि युवकों के लिए उचित शिक्षा का आदर्श श्रीश्री परमहंस योगानंदजी के हृदय के अत्यंत निकट था। वरिष्ठ संन्यासी स्वामी ईश्वरानंद गिरि ने नवनिर्मित भवनों के विवरण साझा किये।

# धनबाद के बाद रांची के दो अपार्टमेंट में लगी आग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धनबाद के हाजरा हॉस्पिटल में भीषण आग लगने की वजह से डॉक्टर दंपति समेत पांच लोगों की मौत हो गयी थी। इस मामले को अभी बीते हुए 2 दिन भी नहीं हुए कि आज राजधानी रांची के दो अलग-अलग इलाकों में दो अपार्टमेंट के बेसमेंट में आग लग गयी।

हालांकि इस अगलगी की घटना से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। आग लगने के बाद अपार्टमेंट में अफरातफरी का माहौल बन गया, लेकिन स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

पहली घटना राजधानी रांची के बरियातू इलाके के राजेंद्र एनक्लेव की है, जहां शॉर्ट सर्किट की वजह से बेसमेंट में आग लग गयी थी। जिसमें एक बाइक और कार को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं दूसरा मामला पंडरा ओपी इलाके के शिवम अपार्टमेंट के बेसमेंट में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गयी इस मामले की जानकारी अग्निशमन विभाग को मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंच कर तुरंत आग पर काबू पा लिया। इस अगलगी की घटना में दो बाइक जल गयी हैं।

## युवक के पास से मेड इन यूएसए पिस्टल बरामद

**रांची।** पुलिस ने मेड इन यूएसए लिखे एक पिस्टल व पंच के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी कई माह से फरार चल रहा था। गोंदा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अपराधी नौशाद अंसारी उर्फ अब्दुल गनी को गोंदा थाना क्षेत्र स्थित भीठा बस्ती से गिरफ्तार है। तलाशी के क्रम में आरोपी के पास से मेड इन यूएसए लिखा पिस्तौल बरामद किया गया। आरोपी पर पहले भी आर्म्स एक्ट के तहत गोदा थाना में मामला दर्ज है।

# झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय-विश्वविद्यालय बीएड शिक्षक संघ का गठन, डॉ नंदकिशोर सिंह बने अध्यक्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य के 22 अंगीभूत महाविद्यालयों में बीएड कोर्स के प्राध्यापकों की रांची स्थित हरमू पटेल भवन में डॉ विपिन प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। विदित हो कि राज्य में 2005-2006 से ही बीएड कोर्स का स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत संचालन हो रहा है।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आज से संघ का नाम झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय- विश्वविद्यालय बीएड शिक्षक संघ होगा। संघ के अध्यक्ष डॉ नंदकिशोर सिंह सुलभ, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ राजू ओझा, उपाध्यक्ष के तौर पर डॉ महबुब आलम, डॉ सीमा सिंह, प्रोफेसर फ्लोरेंस बेक, संघ के महासचिव प्रोफेसर एतवा टूटी, संयुक्त सचिव डॉ अरविंद कुमार मौर्य, प्रोफेसर हिमांशु शेखर महाकुड, डॉ भागवत राम, कोषाध्यक्ष की भूमिका में प्रोफेसर कृष्णकांत रवि, प्रदेश मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता डॉ दीपक प्रसाद, प्रोफेसर नितिन कुमार घोष, कार्यकारी समिति डॉ विपिन प्रसाद सिंह, डॉ रविंद्र प्रसाद, डॉ उपेंद्र कुमार, प्रोफेसर रितेश रंजन, मोहम्मद मुबारक करीम हाशमी, डॉ कनकलता जालूका, प्रोफेसर श्वेता प्रीति कुजूर, प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार, प्रोफेसर राजीव लोचन नामता, प्रोफेसर अरुणिमा सिंह, प्रोफेसर राजेश समीर कच्छप, मनोनीत हुए। संघ ने आगे निर्णय लिया राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में बीएड शिक्षकों को मिलने वाला वेतनमान में एकरूपता हो। उच्च शिक्षा विभाग केंद्रीकृत तरीके से सभी विश्वविद्यालयों के अंतर्गत कार्य करने वाले प्राध्यापकों एवं कर्मियों का एक सेवा शर्त एवं सप्तम वेतनमान देने के लिए नियमावली बनाकर सभी विश्वविद्यालयों को दिशा निर्देश दें। यह जानकारी संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता डॉ दीपक प्रसाद ने दी।

# सिख पंथ के महान शहीद योद्धा बाबा दीप सिंह का प्रकाश पर्व मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी में सिख पंथ के महान शहीद योद्धा बाबा दीप सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार रात आठ बजे से 11:30 बजे तक विशेष दीवान सजाया गया। विशेष दीवान की शुरुआत स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा सबना का मां प्यो आप है..., शबद गायन से हुई तत्पश्चात हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह एवं साथियों द्वारा नसवंजो किलविखो करता घर आया ... शबद गायन किया गया।

विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई दविंदर सिंह नरोल, छत्तीसगढ़ वाले ने मेरे शाह मैं हर दरशन सुख होए... हमरी वेदन तू जानता शाह अवर ना जाने कोए... एवं देह शिवा वर मोहे इहे शुभ करमन ते कबहुं ना टरौं... शबद गायन कर साध संगत को गुरु वाणी से जोड़ा। गुरु नानक सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने साध संगत को बाबा दीप सिंह जी के प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए उन्हें सिख पंथ का महान योद्धा बताया।



गुरु घर के सेवक मनीष मिढ़ा ने बाबा दीप सिंह जी की शहादत के बारे में बताते हुए कहा कि सन 1757 में श्री हरिमंदर साहिब की बेअदबी से क्रोधित बाबा दीप सिंह जी का खून खौल उठा, 75 वर्ष की वृद्धावस्था होने के बावजूद उन्होंने खंडा उठा लिया। तलवंडी साबो से चलते समय बाबा जी के साथ सिर्फ आठ सिख थे, परंतु रास्ते में और सिखों के आकर मिलते रहने से श्री तरनतारन तक पहुंचते-पहुंचते सिखों की संख्या पांच हजार तक पहुंच गयी। श्री तरनतारन से दस किलोमीटर दूर गोहलवड़ गांव के निकट सिखों और अफगान सिपहसालार जहान खान के लश्कर में जबरदस्त जंग शुरू हो गयी। सिखों ने दुश्मन के छक्के छुड़ा दिये। बाबा दीप सिंह का अंतिम संस्कार श्री अमृतसर नगर में चाटीविंड दरवाजे के पास गुरुद्वारा रामसर साहिब के निकट किया गया। आज इस पवित्र स्थान पर गुरुद्वारा श्री शहीदगंज साहिब सुशोभित है। बाबा जी ने श्री हरिमंदर साहिब की परिक्रमा में जहां शीश भेंट किया था, वहां भी गुरुद्वारा साहिब निर्मित है।

सत्संग सभा के प्रधान द्वारका दास मुंजाल ने रागी जत्था को गुरु घर का सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। श्री आनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुकुमनामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ विशेष दीवान की समाप्ति रात 12:00 बजे हुई। मौके पर सत्संग सभा द्वारा गुरु का अटूट लंगर भी चलाया गया। दीवान में सुंदरदास मिढ़ा, हरविंदर सिंह बेदी जीवन मिढ़ा, मोहन काठपाल, सुरेश मिढ़ा, नरेश पपनेजा, हरीश मिढ़ा, अनूप गिरधर, महेंद्र अरोड़ा, चरणजीत मुंजाल, बसंत काठपाल, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, लक्ष्मण दास मिढ़ा, वेद प्रकाश मिढ़ा, पवनजीत खत्री, मोहनलाल अरोड़ा, नीरज गखड़, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, कमल मुंजाल, रमेश तेहरी, मनीष गिरधर, जीतू काठपाल, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, रेशमा गिरधर, नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, दुर्गी देवी मिढ़ा, गुड़िया मिढ़ा, ममता किंगर, ममता थरेजा, सुषमा गिरधर, बंसी मल्होत्रा, मनजीत कौर, मनोहरी कठपाल, उषा झंडई समेत अन्य शामिल थे।

# प्रधानमंत्री ने मोटे अनाज का मान दुनिया में बढ़ाया : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** प्रदेश भर में रविवार को भाजपा कार्यकर्ता, नेताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना, जिसमें हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने रामगढ़ जिला के चितरपुर मंडल अंतर्गत बूथ संख्या 252 पर मन की बात को सुना। प्रकाश ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम अब जन-जन का कार्यक्रम बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयास से संयुक्त राष्ट्रसंघ के द्वारा योग दिवस और मोटा अनाज वर्ष घोषित करना



भारत की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि भारत प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर चमकता सितारा बनकर उभरा है। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सुबोध सिंह गुड्डू, नवीन जायसवाल, काजल प्रधान सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

आजाद सिपाही झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW



# एनएसएस की गतिविधियां सतह पर दिखेंगी: तपन कुमार शांडिल्य

**डीएसपीएमयू की एनएसएस इकाई के लिए कार्यक्रम अधिकारी नियुक्त किये गये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के एनएसएस इकाई के लिए अधिकारियों की नियुक्ति से संबंधित अधिसूचना विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी कर दी गयी। इस अधिसूचना के अनुसार भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ अभय कृष्ण सिंह को एनएसएस के ब्यॉयज विंग का प्रोग्राम ऑफिसर और राजनीति विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ शमा सोनाली को गर्ल्स विंग का प्रोग्राम ऑफिसर नियुक्त किया गया।

इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि हाल के दिनों में प्रत्येक विश्वविद्यालय या महाविद्यालयों में एनएसएस की गतिविधियां काफी बढ़ी हैं। एनएसएस की गतिविधियां न सिर्फ विश्वविद्यालय के परिसर में सीमित है बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में अपनी महती भूमिका निभा रही है। आनेवाले दिनों में विश्वविद्यालय ऐसी अनेक क्रियाकलापों से एनएसएस के माध्यम से जुड़ेगा, जो न सिर्फ विश्वविद्यालय बल्कि सामाजिक सरोकारों से संबंधित होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने आनेवाले कुछ अवधि के लिए एनएसएस से संबंधित कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम निर्धारित किये हैं जो जल्द ही सतह पर दिखेंगे। कुलपति ने चांसलर पोर्टल के माध्यम से नामांकन से संबंधित कार्यों के निष्पादन के लिए तीन सदस्यों की एक कमेटी गठित की है। इनके सदस्यों में डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास, डॉ सर्वोत्तम कुमार विभागाध्यक्ष, भूगोल और आइएन साहू, सहायक प्राध्यापक, एमसीए विभाग शामिल है। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक

**भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मोर्चा से पांच सदस्य टीम राष्ट्रीय कार्यसमिति में ले रहे हैं भाग**


आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा का दो दिवसीय 29 से 30 जनवरी को राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक कर्नाटक बेलगाम होटल मयूर प्रेसिडेंसी में रविवार को प्रारंभ हुई। इसमें मुख्य रूप से किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा, राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा सिटी रवि, स्थानीय सांसद मंगला हारी, राष्ट्रीय महामंत्री अनिल बोंडे, बाबूभाई जावेरिया ने संबोधित किया।

मंच संचालन राष्ट्रीय महामंत्री डॉ शंभू प्रसाद ने किया। झारखंड प्रदेश से प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू के नेतृत्व में पांच सदस्य टीम राष्ट्रीय कार्यसमिति में भाग ले रहे हैं। जिसमें झारखंड के महामंत्री ललित नारायण ओझा, अर्जुन प्रसाद सिंह, भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी यादव, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह शामिल हुए हैं।

बैठक में झारखंड मोर्चा के आंदोलन और कार्यक्रम की रिपोर्ट रखी गयी। किसान मोर्चा के बढ़ते आकार और प्रभाव को केंद्रीय अध्यक्ष ने स्वीकार करते हुए टीम झारखंड को बधाई दी, साथ ही साथ जल्द से जल्द राज्य में प्रदेश कार्यसमिति का गठन कर आगे की रणनीति बनाने की विशेष जिम्मेवारी मिली।





# लिटिल विंग्स स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बूटी मोड़ स्थित लिटिल विंग्स स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ अजिता भट्टाचार्य, सदस्य जेपीएससी का स्वागत विद्यालय निदेशक रमेंद्र कुमार एवं प्राचार्या नीता सिंह ने गुड लक पॉट, शॉल व मोमेंटो देकर किया। मुख्य अतिथि ने झंडा फहरा कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति गीत व नृत्य प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की काफी सराहना की तथा उन्हें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाओं के साथ उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक, प्राचार्या, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य कर्मचारीगण मौजूद थे। विद्यालय प्रबंधन व प्राचार्या ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।




# श्री श्याम मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया






**श्री श्याम मंडल एवं श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर का 18 वां स्थापना दिवस रविवार को अत्यंत धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। आयोजन श्री श्याम मंडल एवं श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था । कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे हरमू रोड स्थित गौशाला के प्रांगण में गौ-पूजन के प्रारंभ हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्री श्याम मंडल एवं श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने अत्यंत श्रद्धा के साथ गौमाता का पूजन कर गुड़, रोटी, हरी सब्जी इत्यादि खिलाया। दोपहर 11 बजे से मंदिर के निकट शीतल टावर के प्रांगण में विशाल श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया गया, जहां 2000 से अधिक भक्तों ने श्री श्याम प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया ।

मुख्य समारोह मंदिर में अपराह्न 4:30 से प्रारंभ हुआ जिसमें मुख्य आकर्षण श्री श्याम प्रभु का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित कर श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन का कार्यक्रम प्रारंभ किया । कोलकाता से आयीं प्रसिद्ध भजन गायिका लता सिंह राजपूत ने एक से बढ़कर भावपूर्ण भजनों की गंगा प्रवाह किया किसने किया श्रृंगार सांवरे... खुला हुआ है खुला रहेगा खाटू वाले का द्वार... म्हारा श्याम रंगीला पलकां उघाड़ो फागण आ गयो... खाटू को श्याम रंगीलो रे खाटू को इत्यादि भजनों पर भक्तों को झूमने पर मजबूर किया । इस अवसर पर श्री श्याम सेवा ट्रस्ट द्वारा वनबंधु परिषद द्वारा संचालित एकल अभियान को उनके द्वारा संचालित पाठशाला को एक विद्यालय का सहयोग राशि वनबंधु परिषद के अध्यक्ष रमेश धरणीधरका को दिया गया। रात्रि 8:30 बजे महाआरती एवम प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, विकाश पाडिया, मनोज सिंघानिया, सुदर्शन चितलांगिया, अरुण धनुका, राकेश सारस्वत, नितेश केजरीवाल, प्रमोद सारस्वत (लल्लू), अमित जालान का विषेश सहयोग रहा।






## 'लड़ाकू विमानों' का दुर्घटनाग्रस्त होना चिंतनीय

हालांकि भारतीय वायुसेना विश्व की चौथी सबसे बड़ी वायुसेना है, जिसके जवानों ने देश-विदेश में नाम कमाया है, परंतु बार-बार भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों का दुर्घटनाग्रस्त होना चिंता का विषय बन रहा है, क्योंकि इनके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में हमारे पायलटों की जान भी जा रही है। 5 जनवरी को रीवा में वायु सेना का एक ट्रेनी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से प्रशिक्षक कैप्टन विमल कुमार की मृत्यु तथा ट्रेनी पायलट कैप्टन सोनू यादव गंभीर रूप से घायल हो गये थे। और अब 28 जनवरी की सुबह मध्य प्रदेश में भारतीय वायुसेना के 2 शक्तिशाली फ्रंट लाइन के लड़ाकू विमान सुखोई-30 और मिराज-2000 ग्वालियर के एयरबेस से नियमित परिचालन के लिए अभ्यास उड़ान भरने के कुछ ही समय के भीतर दुर्घटनाग्रस्त होकर टुकड़े-टुकड़े हो गये। विमानों का मलबा मुरैना के जंगल और राजस्थान के भरतपुर में मिला है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहाडगंज इलाके में उन्होंने आकाश में एक विमान जलता हुआ देखा और फिर उसके टुकड़े जमीन पर गिरे। उस समय ये विमान केलारस कस्बे के ऊपर से गुजर रहे थे। दुर्घटना के समय सुखोई-30 में 2 तथा मिराज-2000 में एक पायलट था, क्योंकि मिराज-2000 को उड़ाने के लिए सिर्फ एक ही पायलट की जरूरत होती है। विमान में आग लगते ही सुखोई-30 के 2 पायलट बाहर निकल आये, परंतु उनका पैराशूट झाड़ियों में फंस गया, जिससे वे घायल हो गये, जिन्हें ग्रामीणों ने बाहर निकाला और बाद में उन्हें इलाज के लिए हेलिकाप्टर से ग्वालियर ले जाया गया। इनमें से एक घायल पायलट को घातक चोटें आयी हैं, जबकि मिराज-2000 के पायलट की मौत हो गयी। भारतीय वायुसेना की शक्ति कहलाने वाले ये दोनों ही विमान लंबे समय से इसका हिस्सा रहे हैं। जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए 26 फरवरी, 2019 को नियंत्रण रेखा पार करने वाले भारतीय वायुसेना के 12 लड़ाकू जेट विमान मिराज-2000 ही थे। इससे पूर्व 1999 के कारगिल युद्ध में भी पाकिस्तान के विरुद्ध मिराज-2000 विमानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। सुखोई लड़ाकू विमान भी लगभग 20 वर्षों से भारतीय वायु सेना के पास हैं। सैन्य मामलों के विशेषज्ञ बीएस जसवाल के अनुसार सुखोई 30 और मिराज-2000 दोनों में एक साथ तकनीकी खराबी आना असंभव है। हो सकता है कि वे कोई अभ्यास कर रहे हों, जिसके दौरान किसी एक विमान में गड़बड़ी आ जाने से वह दूसरे विमान से टकरा गया हो। दुर्घटना के कारणों का तो ब्लैक बाक्स से ही पता चलेगा, क्योंकि ऐसे अभ्यास में सुरक्षा का बहुत ध्यान रखा जाता है।

**सुखोई 30 और मिराज-2000 दोनों में एक साथ तकनीकी खराबी आना असंभव है। हो सकता है कि वे कोई अभ्यास कर रहे हों, जिसके दौरान किसी एक विमान में गड़बड़ी आ जाने से वह दूसरे विमान से टकरा गया हो।**

अभिमत आजाद सिपाही

**विश्व के सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र अमेरिका में राष्ट्रपति पद पर 2 बार तक ही बने रहने की परंपरा पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन के काल से चली आ रही है। मगर दूसरे विश्व युद्ध तथा राष्ट्र को बाहरी चुनौतियों के कारण फ्रैंकलेन डी रूजवेल्ट इस पद पर 4 बार सुशोभित रहे। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने तमाम उम्र सत्ता में बने रहने का संवैधानिक प्रबंध कम्युनिस्ट पार्टी की अनुमति के माध्यम से ले लिया है।**

## अंतिम सांस तक सत्ता में काबिज रहना चाहते हैं वर्तमान नेता

**दरबारा सिंह काहलों**

इस विश्व में तानाशाह, एकाधिकारवादी, परिवारवादी और निरंकुश सोच वाले राजनीतिक नेता वर्तमान लोकतांत्रिक युग में भी अपनी मौत की अंतिम सांसों तक सत्ता पर काबिज रहना चाहते हैं। बेशक विश्व के बहुत से देशों में संवैधानिक तौर पर 2 कार्यकालों से अधिक सत्ता में बने रहने पर प्रतिबंध क्यों न लगा हो, ताकतवर सत्ता के भूखे राजनीतिक नेता सत्ता शक्ति के बलबूते पर ऐसे कानूनों में संशोधन करवा कर अपना कार्यकाल बढ़ा लेते हैं।

विश्व के सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र अमेरिका में राष्ट्रपति पद पर 2 बार तक ही बने रहने की परंपरा पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन के काल से चली आ रही है। मगर दूसरे विश्व युद्ध तथा राष्ट्र को बाहरी चुनौतियों के कारण फ्रैंकलेन डी रूजवेल्ट इस पद पर 4 बार सुशोभित रहे।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने तमाम उम्र सत्ता में बने रहने का संवैधानिक प्रबंध कम्युनिस्ट पार्टी की अनुमति के माध्यम से ले लिया है।

**भारत में सत्ताधारी भाजपा ने 75 साल से अधिक आयु वाले नेताओं को रिटायर करने और राजनीतिक परिवारवाद के खात्मे का संकल्प लिया था।**

तुर्की के राष्ट्रपति रेसिप अर्दोगन, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन आदि सहित इस विश्व के कई ताकतवर सत्ताधारी नेता जीते जी सत्ता न छोड़ने पर अडिग हैं।

भारत में सत्ताधारी भाजपा ने 75 साल से अधिक आयु वाले नेताओं को रिटायर करने और राजनीतिक परिवारवाद के खात्मे का संकल्प लिया था। मगर सत्ता की भूख के चलते यह विचार बुरी तरह से टूट रहा है, लेकिन ऐसे युग में देश की सेवा तब तक करनी चाहिए, जब तक शारीरिक, मानसिक तथा बौद्धिक ऊर्जा शक्ति कायम रहे। न्यूजीलैंड की 42 वर्षीय प्रधानमंत्री जासिंडा अरडर्न ने 19 जनवरी 2023 को अपने पद से त्यागपत्र देकर अपनी लेबर पार्टी, देश तथा पूरे विश्व को हैरान कर दिया।

जेसिंडा ने स्पष्ट किया कि मैं अच्छी तरह से जानती हूं कि पद का रुतबा क्या होता है? मुझ में अब इतनी शक्ति नहीं है कि मैं इससे इंसाफ कर सकूं।

वास्तव में मेरी शक्ति का टैंक खाली हो चुका है। मैं यह इस्तीफा इसलिए नहीं दे रही कि यह कार्य बहुत चुनौती भरा और कठिन है। यदि ऐसा होता तो मैं सत्ता संभालने से 2 महीने बाद ही अपना इस्तीफा दे देती। जेसिंडा ने वर्तमान युग में विश्व के अंदर सबसे कम उम्र (37 साल) में 26 अक्टूबर 2017 को न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री के तौर पर पद संभाला।

पर्यावरण को संभालने की वह प्रतीक बनी रही। शायद पूरा विश्व उनकी भरपूर राजनीतिक इच्छाशक्ति, संकट मोचन प्रतिभा और चुनौतियों को समक्ष रख कर चट्टान की तरह डटे रहने का कायल रहा।

उनके कार्यकाल के दौरान जितनी तेजी से संकट आया उतनी ही तेज गति से उन्होंने उन पर नियंत्रण कर लिया। उन्होंने विश्व के शक्तिशाली नेताओं को हैरान करके रख दिया।

उन्होंने ऐसी मिसाल कायम की कि केवल तब तक देश-राष्ट्र की अगुवाई करें जब तक आपका शरीर, बौद्धिक, मानसिक तथा क्रियात्मक शक्ति आपको इजाजत देती रहे। जेसिंडा का मानना है कि जोड़-तोड़ की राजनीति, विलासिता तथा वक्त बर्बाद कर राष्ट्र के विकास में बाधा नहीं बनना चाहिए। बेहतर यही है कि सत्ता छोड़ कर आप एक ओर हो जायें। सत्ता के अलावा परिवार, समाज, देश और मानवता की सेवा भी अहम है।

जेसिंडा को देश के अंदर जीव सुरक्षा, घरेलू हिंसा, हिजाब समस्या, प्राकृतिक आपदाएं, ग्लोबल वार्मिंग, कोविड महामारी तथा आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ा। कोविड महामारी के दौरान उठाये गये सख्त कदमों के कारण ही न्यूजीलैंड कोरोनामुक्त पहला देश बना। वहां बहुत कम लोगों की मौत हुई। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की तरह जेसिंडा महिलाओं के लिए न्याय, सामाजिक न्याय, सत्ता की हिस्सेदारी की समर्थक रही।

राजनेताओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि बेशक वे किसी भी लिंग, जात, समाज, धर्म, वर्ग, राजनीतिक पार्टी से संबंधित क्यों न हो ,उन्हें बिना किसी भेदभाव के लोगों की सेवा के प्रति समर्पित होना चाहिए।

जेसिंडा ने दर्शाया कि बतौर न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री उनका मुख्य कर्तव्य यह था कि उन लाखों लोगों के मामलों की ओर ध्यान केंद्रित करना, जिन्होंने उनमें विश्वास प्रकट किया था। उन्होंने अपने दिल पर हाथ रख कर कहा कि मैंने अपना सब कुछ सत्ता में होते हुए भी न्यूजीलैंड के नागरिकों की बेहतरी के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया। वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री होते हुए जेसिंडा ने अपनी बच्ची को जन्म दिया और एक मां होते हुए यूएन जनरल असेंबली में भाग लेते हुए विश्व के अंदर काम करने वाली माताओं के अधिकारों को उजागर किया।

अक्टूबर 2020 में दूसरी बार बहुमत से संसदीय चुनाव जीतने के बाद (न्यूजीलैंड में हर तीन वर्ष बाद संसदीय चुनाव होते हैं) इतिहास में पहली बार ऐसी कैबिनेट दी, जिसमें 40 प्रतिशत महिलाएं, 25 प्रतिशत माऊरी, 15 प्रतिशत एलजीबीटी भाईचारे को प्रतिनिधित्व दिया। जेसिंडा अब वेलिंगटन के निकट एक कस्बे में बसेंगी जहां पर वे अपनी बच्ची, परिवार तथा स्थानीय समुदाय को अपना जीवन समर्पित करेंगी।



**जेसिंडा ने दर्शाया कि बतौर न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री उनका मुख्य कर्तव्य यह था कि उन लाखों लोगों के मामलों की ओर ध्यान केंद्रित करना, जिन्होंने उनमें विश्वास प्रकट किया था। उन्होंने अपने दिल पर हाथ रख कर कहा कि मैंने अपना सब कुछ सत्ता में होते हुए भी न्यूजीलैंड के नागरिकों की बेहतरी के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया।**

## शक्तिशाली समूह जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है भारत



**विनय कुमार**

दुनिया के जीडीपी में 85 फीसदी की भागीदारी निभाने वाले मुल्कों के शक्तिशाली समूह जी 20 की अध्यक्षता की कमान इस साल भारत ने संभाल ली है। जी-20 की अध्यक्षता का जिम्मा मिलना 130 करोड़ भारतवासियों के लिए बहुत बड़ा अवसर साबित होगा। विश्व के इस सबसे बड़े मंच की अध्यक्षता के कई मायने हैं। हाल के दिनों में भारत की स्थिति वैश्विक मंचों पर लगातार बुलंद होती नजर आयी है। चाहे कोरोना काल की बात हो या फिर रुस यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की। मुसीबत के मौके पर भारत ने वसुधैव कुटुंबकम की नीति के जरिए अपनी अलग छाप छोड़ी है। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया को भारत की एक अलग तस्वीर भी नजर आ रही है यानि यह साफ है कि न्यू इंडिया अब तेजी से आकार ले रहा है। ऐसे में जी-20 का यह वैश्विक मंच भारत के बढ़ते महत्व को दर्शाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलना इस बात को भी दर्शाता है कि वैश्विक ताकतों के बीच इंडिया विश्व गुरु बन कर उभर रहा है। हाल ही में इंडोनेशिया के बाली में 17वें जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत को इसकी अध्यक्षता सौंपी गयी।

अब हमारी यह जिम्मेदारी है कि दुनिया को बेहतर करके दिखाएं और अपनी सभ्यता, संस्कृति, परंपरा से दुनिया को परिचित कराते हुए अपने उच्च शैक्षिक मापदंडो के साथ सेवा परमोधर्मः की भावना को और मजबूत करें। अब ये हमारा दायित्व है कि हम अपनी हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति की बौद्धिकता और उसमें समाहित आधुनिकता से विश्व का ज्ञानवर्धन करें और इस अवसर को चुनौती के रूप में लेकर दुनिया को नये भारत से रुबरु कराएं। जी 20 की अध्यक्षता के तहत देश के चुनिंदा शहरों में अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन समेत तमाम मुद्दों पर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक के जरिए इन तमाम मुद्दों पर मंथन हो रहा है और इन क्षेत्रों में भारत की ताकत से दुनिया को रुबरु भी कराया जा रहा है।




दुनिया के मंच पर अगर हाल के दिनों में भारत की उपलब्धि देखी जाए तो वो नये भारत की एक दमदार तस्वीर भी पेश कर रही है। भारत आज ब्रिटेन को पीछे छोड़ दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इतना ही नहीं आज अपना देश यूएन सुरक्षा परिषद में अस्थायी सदस्य तो बना ही है बल्कि भारत के यूएन सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग का रुस और अमेरिका जैसे मुल्कों ने समर्थन भी किया है।

भारत के पास जी -20 एससीओ की अध्यक्षता का जिम्मा भी है। यो कुछ वो झलक है जिससे आज भारत की धमक दुनिया के मंच पर गौरवशाली हो रही है। आज का भारत पिछले कुछ सालों के संघर्षों और बलिदानों से तपकर बाहर निकला है। अतीत में भारत को सोने की चिड़ियां कहा जाता था लेकिन वो दौर भी आया जब हमनें गुलामी भी झेली। कई दशकों तक अंधकार, गरीबी और भूखमरी का दंश भी झेला। लेकिन आज भारत इन सब पर भारी पड़ते हुए नये हिंदुस्तान की तस्वीर लिखने को बेताब है।

विकास की यात्रा नित नये आयाम गढ़ रहा है। भारत अपने विकास के साथ पर्यावरण और दुनिया के हितों का भी ख्याल रखता है, जी 20 जैसे मंचों से हम इसे और दमदार तरीके से दुनिया के सामने प्रस्तुत कर पाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भी कहते हैं कि जी20 की अध्यक्षता हमारे लिए एक बड़े अवसर के रूप में आई है।

हमें इस अवसर का पूरा उपयोग करना चाहिए और वैश्विक भलाई एवं विश्व कल्याण पर ध्यान देना चाहिए। चाहे शांति हो या एकता, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता हो या सतत विकास, भारत के पास चुनौतियों से संबंधित समाधान हैं। हमने ह्यएक धरती, एक परिवार, एक भविष्य की जो थीम दी है, वह हमारी वसुधैव कुटुम्बकम की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। ये वक्त इन तमाम प्रतिबद्धता को मिलकर दुनिया के सामने जगजाहिर करने का है, जो हमें जी 20 की अध्यक्षता के जरिए मिला है।

**(लेखक : वरिष्ठ पत्रकार एवं हिंदी सलाहकार समिति सदस्य - ग्रामीण विकास मंत्रालय और उपभोक्ता मामले एवं खाद्य मंत्रालय, भारत सरकार हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

### मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उत्साह : मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा कात्यानी जोहार यात्रा पूरे राज्य भर में चलाया जा रहा है। कोल्हान के सरायकेला खरसावां में सोमवार और मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम जिले में खातियानी जोहार यात्रा की शुरूआत किया जाएगा। जिसको लेकर कोल्हान के सभी विधायक,झामुमो के वरिष्ठ नेता प्रखंड से लेकर पंचायत तक ग्रामीणों के साथ बैठक कर तैयारी पूरी कर ली है। वही पूर्वी सिंहभूम जिले में 31 जनवरी को होने वाले खतियानी जोहार यात्रा को लेकर जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। रविवार को जमशेदपुर प्रखण्ड अंतर्गत गदरा क्षेत्र में पंचायत अध्यक्ष बबलू महतो के नेतृत में एक बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। बैठक में खतियानी जोहार यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर तैयारी पर चर्चा की गईं। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कार्यकताओं को कई दिशा निर्देश दिए। विधायक ने कहा कार्यकर्ता गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक की संख्या में उपस्थिति दर्ज करवाएं। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा पूर्वी सिंहभूम जिले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन पर कार्यकताओं में काफी उत्साह है। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र से हजारों हजार की संख्या में झामुमों समर्थक व ग्रामीण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### ऐतिहासिक होगी खतियानी जोहार यात्रा : संजीव सरदार

**पोटका (आजाद सिपाही)।** झामुमो पोटका प्रखंड कमेटी के प्रधान कार्यालय हाता में बैठक का आयोजन किया गया। रविवार को बैठक में विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन के नेतृत में आयोजित बैठक में 31 जनवरी को जमशेदपुर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खतियानी जोहार यात्रा को सफल बनाने पर मंथन किया गया। मौके पर प्रखंड के 34 पंचायतों से झामुमों कार्यकताओं को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए यातायात सेवा भोजन सहित अन्य सुबिधाओं पर चर्चा किया गया। विधायक संजीव सरदार ने बताया राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 3 साल की कार्यकाल में 2 साल कोरोना महामारी में राहत कार्य मे बिता। लेकिन उस दौरान भी हेमंत सरकार जनता के लिए कई योजना को धरातल में उतारने का काम किया। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत में खासकर ग्रामीण क्षेत्र के लिए सैकड़ो जन उपयोगी कार्य किया गया है। इनमें से स्थानीय नीति 1932 का खतियान लागू करने का निर्णय,ओबीसी समुदाय को 27 प्रतिशत आरक्षण देने सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं। झारखंड की जनता ने मुख्यमंत्री के द्वारा लिए गए निर्णय को सराहा है। इसको लेकर क्षेत्र के लोंगो में काफी उत्साह है। विधायक ने कहा 31 जनवरी को खातियानी जोहार यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। उन्होंने जनउपयोगी योजनाओं को विस्तार से जनता के बीच जानकारी देंगे। विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा पूर्वी सिंहभूम जिले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में खतियानी जोहार यात्रा ऐतिहासिक होगा। उन्होंने पोटका विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्रामीणों को एकजुट होकर खतियानी जोहार यात्रा में शामिल होने की अपील की। बैठक में प्रमुख सुकुरमनी टुडू,पूर्व पार्षद चंद्रावती महतो,हीरामणि मुर्मू, सुनील महतो,बबलू चौधरी,रजनी षांडगी, अ.रहमान, विधासागर दास, बिरेन पात्र, चक्रधर महतो,शिबचरण हांसदा, पूर्व मुखिया चंका सरदार, पोल्टू मंडल,भुगलू टुडू सहित सैकड़ों झामुमो ग्रामीण नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### साकची हाइस्कूल के 38 साल पूर्व पास आउट छात्र-छात्राएं एक-दूसरे से मिले, ढोल नगाड़ा बजा कर जमके थिरके

**जमशेदपुर के साकची हाइस्कूल में पूर्व विद्यार्थियों का वार्षिक मिलन समारोह मनाया गया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** बीते 38 साल पूर्व जमशेदपुर के साकची हाई स्कूल से 1984 बैच में शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का वार्षिक मिलन समारोह घाटशिला के काशीदा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रविवार को दूरदराज से लगभग 70 पूर्व छात्र-छात्राएं साकची हाई स्कूल प्रांगण में एकजुट हुए। दूरदराज से आये छात्र-छात्राओं की स्कूल प्रांगण में पहुंचते ही खुशी देखते ही बन रही थी। सभी एक-दूसरे को बधाई देते हुए एक साथ बस में सफर तय कर घाटशिला के काशीदा रिसोर्ट के लिए रवाना हुए। जमशेदपुर साकची हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्ष उल्लास के साथ वार्षिक मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। मौके पर जमशेदपुर सहित झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, दिल्ली, मुंबई के आलावे कई जगह से विद्यार्थियों ने एकत्रित होकर मिलन समारोह में जमकर आनंद उठाया। इस अवसर पर मानस,सुकांतो और सोमनाथ ने गीत प्रस्तुत कर विद्यार्थियों के बीच में घंटों समा बांधा। मौके पर कोलकाता से आए सुमिता बल ने बताया साकची हाई स्कूल के छात्र छात्राएं प्रत्येक वर्ष इस तरह का आयोजन करते हैं। साल में एक बार दूर-दराज से सभी एकत्रित होकर एक दूसरे मिलने से काफी खुसी मिलती है। वार्षिक मिलन समारोह में सभी एकत्रित हुए एक देसरे के साथ जमकर आनंद उठाये।

इस अवसर पर ग्रामीणों के साथ सरस्वती पूजा विसर्जन सभी शामिल हुए। विद्यार्थियों के द्वारा बचपन को याद करते हुए ढोल नगाड़ा के साथ सरस्वती पूजा विसर्जन का जमकर आनंद उठाया। मौके पर जमशेदपुर के रहने वाले देवी गांगुली ने बताया प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी साकची हाई स्कूल 84 बैच के छात्र-छात्राएं साल में 1 दिन एकजुट होने का सिलसिला बरकरार है। इस बार बस में सफर तय करने में सभी काफी उत्साहित हुए। साल में एक दिन मनोरंजन के लिए अलग-अलग राज्य से छात्र-छात्राएं शामिल होते हैं। पूर्व के पास आउट स्कूल आने से बचपन का यादगार ताजा हो जाता है। सभी छात्र छात्राएं एक दूसरे के नाच गाना करते हुए साथ जमकर मौज मस्ती किए। सभी एक दूसरे से मुलाकात कर आपस में समन्वय बनाकर रहने की सहमति बनी। ताकि आने वाले दिनों में साकची हाई स्कूल के 84 बैच एक-दूसरे का सहयोगी बनकर जीवन का आनंद उठा सकें।

मौके पर देबी गांगुली, सुमिता बल, गोपा सरकार, कृष्णा सेन,जया वरदान, सोमनाथ चक्रवर्ती, शुभंकर साहू, मानस शी, सीसीर दास, सोना भद्र, राहुल दे, जाली चौधरी, डली मित्रों, अरुंधति काली, सुकांतो भौमिक, देवाशीष पाल, संजय भूई, सौगातों घोष, शुभेंदु नंदी, सुप्रीयो घोष, तपन दे, देवाशीष सिंह, शुभकर साहू, तुषार भौमिक, सुजए पात्रो, गौतम राय, शंकर उपाध्याय, मलय साहू, वीरेंद्र कुंडू, अनिल महतो, सोनाली घोष, सोमा घोष, पलाय घोष, सोनाली अधरजी, श्रेया अधरजी, सौमित्र हजरा, शराबोनी दत्ता, कृष्णा सेन सहित सैकड़ों विद्यार्थी शामिल रहे।

### तीन महत्वपूर्ण मुद्दों पर यूथ कांग्रेस करेगी पहल : नवनीत मिश्रा

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए 3 मुख्य मांगों को लेकर जुगसलाई यूथ कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष नवनीत मिश्रा ने पहल शुरू कर दी। रविवार को यूथ कांग्रेस के जुगसलाई कार्यालय मै एक प्रतिनिधिमंडल प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष नवनीत मिश्रा ने बताया जुगसलाई क्षेत्र में स्वास्थ,शिक्षा और राशन विभाग से संबधित तीन महत्वपूर्ण मुद्दा को लेकर जनता परेशान है। यूथ कांग्रेस इस मामले में जुगसलाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जुगसलाई के सभी सरकारी स्कूल व राशन दुकान का निरक्षण करेंगी। उसके संबधित विभाग के पदाधिकारी से मुलाकात कर सभी समस्या से अवगत कराएगी। मौके पर लालचंद,तेजिंदर सिंह, राजू गद्दी, एमडी कमरुद्दीन, शिवराम कांसरी, संतोष रजक, राजा गद्दी व पवन कुमार उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजन हुए एकजुट, आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस को दिया अल्टीमेटम

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा थाना कांड संख्या 80/22 के एक अन्य आरोपी मुंतजीर अहमद रजा की अब तक गिरफ्तारी नहीं होनें पर क्षेत्र के दिव्यांगजनों में आक्रोश व्याप्त हैं। इस घटना के एक आरोपी तारकेश्वर सिंह की गिरफ्तारी हो चुकी है जबकि दूसरे आरोपी मुंतजीर अहमद रजा अब तक पुलिस पकड़ से बाहर है। रविवार को सैकड़ो की संख्या में दिव्यांगजनों नें अनगड़ा थाना पहुंचकर पुलिस से दूसरे आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की। विदित हो कि विगत पांच माह पहले सिकिदीरी थाना क्षेत्र के कुट्टे ग्राम निवासी कलाम अंसारी का पहले अपहरण किया गया और फिर धारदार हथियार से उसके दोनों पैर को बेरहमी के साथ काट दिये जाने के बाद अनगड़ा थाना क्षेत्र के सीताडीह रेलवे लाइन में ले जाकर फेंक दिया गया था। घटना के बाद कलाम अंसारी ने न्यायालय में 164 के तहत दिये गये बयान में अनगड़ा थाना क्षेत्र के नवागढ़ निवासी तारकेश्वर सिंह और सिकिदीरी थाना क्षेत्र के कुट्टे ग्राम निवासी मुंतजीर रजा को आरोपी बनाया था। पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए आरोपी तारकेश्वर सिंह को गिरफ्तार तो कर लिया पर दूसरे आरोपी को अब तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। दिव्यांगजनों ने रविवार को दिव्यांग संघ के जिलाध्यक्ष सह दिव्यांग रोजगार अधिकार मंच अनगड़ा के अध्यक्ष तबरेज अंसारी के नेतृत्व में अनगड़ा पुलिस को एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में पुलिस को 24 घंटें का अल्टीमेटम देते हुए आरोपी मुंतजीर रजा को तुरंत पकड़ने की मांग की। चेतावनी दिया गया कि यदि अविलंब गिरफ्तारी नही हुई तो दिव्यांगजन सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे।



## मंत्री के सौजन्य से खिलाड़ियों को दी 15 हजार की प्रोत्साहन राशि

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल क्षेत्र के ग्राम भंवरी में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि ग्रुप में झामुमो के रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा जिला प्रवक्ता कार्तिक पांडेय, प्रखंड सचिव इरफान अंसारी एवं चुटिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि शंभू गुप्ता ने संयुक्त रूप से फाइनल मैच का उद्घाटन किया। फाइनल में बोड़ी क्रिकेट क्लब ने भंवरी क्रिकेट क्लब को हराकर मैच को जीत लिया। टूर्नामेंट के विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता के द्वारा 15000 रुपये का सहयोग प्रदान किया गया।







## भद्रकाली कॉलेज में नेशनल सेमिनार आज, तैयारी पूरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** जिला के इटखोरी प्रखंड के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान भद्रकाली डिग्री महाविद्यालय में रविवार को अहम बैठक हुई। बैठक का अध्यक्षता प्राचार्य डॉ दुलार हजाम ने की। कॉलेज में नेशनल सेमिनार 30 और 31 जनवरी को आयोजित किया गया है। सेमिनार के सफल आयोजन को लेकर प्राचार्य ने कालेज कर्मियों के साथ मैराथन बैठक की। बैठक में प्राचार्य ने कहा सेमिनार को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। साथ ही उन्होंने सभी विभागों का अंतिम निरीक्षण किया। प्राचार्य ने बताया सेमिनार के मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मुकुल नारायण होंगे। वही विशिष्ट अतिथि चतरा उपायुक्त अबु इमरान मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ बीके मिश्रा, राजधनवार कॉलेज के प्राचार्य, कार्यक्रम में विनोवा विश्वविद्यालय के कुल सचिव, परीक्षा नियंत्रक, कुलानुशासक, छात्र कल्याण, संकायाध्यक्ष एवं विभिन्य विभागों के विभागाध्यक्ष तथा हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा एवं चतरा जिला के संबद्धता प्राप्त कॉलेज के प्राचार्य समेत कर्मी सेमिनार में आमंत्रित है। आगे उन्होंने कहा झारखंड, बिहार बंगाल समेत कई राज्यों से शिक्षा विदों ने अपना पंजीयन करवाया है। उक्त सेमिनार में हजारों की संख्या में लोग शिरकत करने की बड़ी अनुमान है। आगे प्राचार्य ने कहा छात्रों ने पंजीयन किया है उनके लिए खाने ठहरने की उत्तम व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति के सचिव प्रो ललित मोहन चौधरी के कहा सेमिनार के भव्य आयोजन को लेकर दिनरात कार्य कर पूर्ण किया गया है। चतरा सांसद सह कॉलेज के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, विधायक किशुन कुमार दास के मार्गदर्शन प्राप्त है कॉलेज सचिव प्रदीप कुमार सिंह मुख्य रूप से आयोजन सफल के लिए कई निर्देश दिया।





## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर सह जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरण

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पुरेगाडा गांव में 'भगवान महावराह पीठ' श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा आश्रम मरहटिया और प्रार्थना गृह-गढ़वा के सौजन्य से रंका प्रखंड के पुरेगाड़ा गांव में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं वस्त्र वितरण का आयोजन किया गया। श्री सर्वेश्वरी समूह के संरक्षक सह मरहटिया शाखा आश्रम के उपाध्यक्ष रवींद्र नाथ द्विवेदी, सुरेंद्र चौबे, सत्येंद्र तिवारी के द्वारा संयुक्त रूप से पूजा दीप प्रज्वलित कर व नारियल फोड़ कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

## भारत की बेटियों ने रचा इतिहास, जीता अंडर-19 टी20 वर्ल्ड कप

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारतीय महिला टीम ने अंडर-19 टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। साउथ अफ्रीका के पोचेफस्ट्रूम में खेले गये फाइनल मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को सात विकेट से हरा दिया। इससे पहले इंग्लैंड की पूरी टीम 68 रनों पर ही सिमट गई थी। भारतीय गेंदबाजों के सामने इंग्लिश बल्लेबाजों की एक नहीं चली और शुरूआती ओवर से ही उसके विकेट गिरते रहे। इंग्लैंड के केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंकों तक पहुंच पाये। भारत की ओर से टी. साधू, पार्श्वी चोपड़ा और अर्चना देवी ने दो-दो विकेट चटकाए। भारतीय महिला टीम ने पहली बार कोई वर्ल्ड कप खिताब जीता है। इससे पहले सीनियर टीम कुछ मौकों पर फाइनल तक तो पहुंचने में सफल रही थी लेकिन खिताब नहीं जीत पाई थी। अब भारत की यंग ब्रिगेड ने ये सपना साकार कर दिखाया है।












आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 30 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
08

## ख्वाजा गरीब नवाज शरीफ का 811 वां उर्स के मौके पर फातिहा खानी किया गया

**चरही (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोयलांचल सहित बरगहींया में ख्वाजा गरीब नवाज शरीफ का 811 वां उर्स के मौके पर कुरान खानी फातिहा खानी किया गया। देश व विदेश के विभिन्न जगहों से श्राद्धलओं ने ख्वाजा गरीब नवाज शरीफ को जियारत के लिए पहूंचते है और श्राद्ध के साथ चादरपोसी के साथ जियारत किया करते हैं 24 जनवरी से लेकर 29 जनवरी तक जियारत के लिए दरवाजा खुला करता हैं और चांद के एक से लेकर छह तारीख तक दरबार शरीफ में जियारत किया जाता है। फिर अपने घर के लिए रवाना होते हैं। इस क्रम में उर्स के मौके पर प्रखंड के कोयलांचल सहित बरगहींया के विभिन्न मस्जिद में अपने देश के तमाम लोगों के लिए अमन व चैन के लिए दुआ किया गया।

## राष्ट्रीय प्रेरणा दूत पुरस्कार से सम्मानित होंगे सुरेश कुमार

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** उदय भारत फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य व भारतीय युवा संसद सदस्य सुरेश कुमार को राष्ट्रीय प्रेरणा दूत पुरस्कार के लिए झारखंड से चयन किया गया है। यह पुरस्कार फेस ऑफ फ्यूचर इंडिया के द्वारा 3 फरवरी को बिहार के छपरा जिले में राष्ट्रीय युवा विनिमय कार्यक्रम में सुरेश कुमार को पुरस्कृत किया जायेगा। राष्ट्रीय प्रेरणा दूत पुरस्कार के लिए चयन होने पर उदय भारत फाउंडेशन संस्थापक विनय कुमार सहित उनके परिजन काफी खुश हैं। उन्होंने बताया कि उदय भारत फाउंडेशन संस्था के द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को लेकर उनका चयन किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि उदय भारत फाउंडेशन के संस्थापक विनय कुमार का अहम योगदान है,उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलकर आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं। जब तक जीवन रहेगी सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर कार्य करता रहूंगा। बजरंगदल जिला सह संयोजक वरुण कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि यह हजारीबाग जिला सहित पूरे राज्य के लिए गौरव की बात है। राष्ट्रीय प्रेरणा दूत पुरस्कार के लिए झारखंड से चयनित होने पर उनके परिजन एवं सगे संबंधी बधाई दे रहे हैं। साथ ही उनके क्षेत्र में काफी खुशी की लहर है।

## जंगल को काटकर खेत बनाने वालों के विरूद्ध वन विभाग ने की कार्रवाई



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मुरकी–बिसाय जंगल में अवैध रूप से साल के पेड को काटकर खेत बनाने के आरोप में रविवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया. वन क्षेत्र पदाधिकारी के निर्देश पर टाटीझरिया प्रभारी वन परिसर पदाधिकारी संजीत दास एवं टाटीझरिया थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया. जिसमें बिसाय गाँव के हरिलाल मुर्मू एवं गणेश मुर्मू को गिरफ्तार किया गया. तथा पाँच लोगों को नामजद कर भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत सुसंगत धाराओं में वन अपराध के खिलाफ कार्रवाई की गई. प्रभारी वनपाल संजीत दास ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार के संयुक्त गश्ती कर किसी भी प्रकार के वन अपराध, जंगल साफ करके खेत बनाने एवं परिवहन के खिलाफ सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग के द्वारा सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. गश्ती दल में मुख्य रूप से मोहम्मद असलम अंसारी, राजा अहमद, रवि कुमार, विकास कुमार, विष्णु राय आदि शामिल थे.

## संत रविदास जयंती समिति के अध्यक्ष बने संजय कुमार रवि



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड स्थित अंबेडकर मोहल्ला के सभागार भवन में संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाने को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जागेश्वर राम एवं संचालन रामेश्वर राम ने किया। बैठक में मुख्य रूप से संत शिरोमणि रविदास जयंती 5 फरवरी को मनाने का निर्णय लिया गया। जयंती समारोह के मौके पर भव्य रूप से कलश यात्रा निकाली जायेगी। इसके लिए संत शिरोमणि रविदास जयंती समिति का गठन किया गया। सर्व समिति से संजय कुमार रवि को अध्यक्ष, गणेश राम को सचिव, कैलाश राम को कोषाध्यक्ष, रघुनाथ राम, महावीर राम, जागेश्वर राम को संरक्षक, रामेश्वर राम, रामवृक्ष राम को संयोजक, राजू राम को उपाध्यक्ष, संतोष राम एवं दीपक कुमार को उपसचिव, उपेंद्र राम को उप संयोजक, सरजू राम को संगठन मंत्री दीपक सिन्हा एवं संजय सागर को मीडिया प्रभारी चुना गया। जबकि कार्यकारिणी कमेटी में पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन,रविदास महासभा के पूर्व सचिव अजीत कुमार, विशेश्वर राम, शिक्षक संजय निगम, जय नाथ राम, जोगन राम, शंभू रविदास, दीपक दास, सुजीत राम, अजय कुमार, भवानी राम, रवि राम, संतोष राम समेत अन्य गणमान्य को बनाया गया।

## फागू बेसरा और संजीव बेदिया आज होंगे सम्मानित



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह केंद्रीय मंत्री दर्जा प्राप्त होने पर फागू बेसरा एवं केंद्रीय सचिव सह राज्य परिवहन प्राधिकार के सदस्य संजीव बेदिया को झारखंड सरकार के द्वारा बनाये जाने पर अभिनंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन विस्थापित कार्यालय न्यू बिरसा पोटंगा के समीप किया गया है। जिसे लेकर रविवार को विस्थापित कार्यालय न्यू बिरसा पोटंगा में विस्थापित समिति न्यू बिरसा की बैठक समिति के अध्यक्ष सूरज बेसरा की अध्यक्षता में हुई। संचालन समिति के सचिव जीतन मुंडा ने किया। समिति के अध्यक्ष सूरज बेसरा ने बताया कि सम्मान समारोह को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। बैठक में मुख्य रूप से समिति के संरक्षक सोनाराम मांझी, संजय करमाली,पोटंगा पंचायत उपमुखिया रविंद्र सोरेन, गणेश गंझू, संतोष सिंह, मोहन सोरेन, बिनोद हेंब्रम, सन्नी सोरेन, जुरा सोरेन, गोविंद मांझी,बेनीलाल सोरेन, महावीर मुर्मू, पंकज हेंब्रम, विजय सोरेन, सुखराम बेसरा, अजय मरांडी, प्रेम सोरेन, अजय करमाली, अजय बेसरा, आंनद बेसरा, बंशी मुर्मू, दिनेश टुडू, अजय मुंडा, रिझू किस्कू, कृष्णा गंझू, मंटू मरांडी, विक्रम टुडू, राजू हेंब्रम, दिनेश मुंडा, सुनील सोरेन, भोला सिंह, गणेश सिंह, पप्पू लाल मांझी, मनाराम टुडू सहित कई लोग मौजूद थे।

## एसपी से दरोगा पर कर्रवाई करने की मांग

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महीला ने आवेदन देकर जिला के एसपी से भुरकुंडा थाने के एक दरोगा पर कार्रवाई करने की मांग की है। महिला विनिता सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा है कि 24 जनवरी को शाम करीब पांच बजे मैं अपने पति और बेटी के साथ बस पकड़ने रामगढ़ जा रही थी इस दौरान हमलोग भुरकुंडा स्थित एक चश्में की दुकान पर रुके। इस दौरान वहां भुरकुंडा थाने के द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, हमने अपनी गाड़ी पहले से पार्क हुई गाड़ियों के समीप खड़ी कर दी और दुकान में चले गए। वापिस आने पर हमने देखा कि पुलिस द्वारा हमारी गाड़ी का शीशा तोड़ा जा रहा है, हमने जब इसका विरोध किया तो सब इंसपेक्टर पूरन सिंह ने हमारे साथ अभद्रता से बात की और गालियां भी दी। जबकि उन्हें ऐसा न करके गाड़ी को जब्त करना चाहिए था। सरे बाजार हमारे साथ हुई इस अभद्रता से हमारे मान सम्मान को ठेस पहुंची है, अतः मैं सब इंस्पेक्टर पूरन सिंह पर कार्रवाई की मांग करती हूं।

# कुसुंभा पहुंचे सांसद-विधायक, 52 लाख की विकास योजना का किया शिलान्यास

### सदर विधायक ने कहा साल 2012 के बाद कुसुंभा गांव में बही विकास की बयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुसुंभा में रविवार को डीएमएफटी मद अंतर्गत करीब 52 लाख रुपये की लागत से उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुसुंभा के उन्नयन कार्य का विधिवत शिलान्यास हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा और सदर विधायक मनीष जायसवाल ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर और नारियल फोड़कर किया। यहां पहुंचने पर नेताद्वय का स्थानीय ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस कार्य के संवेदक विकास कुमार हैं। मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की कुसुंभा गांव साल 2012 से पूर्व विधानसभा क्षेत्र का सबसे पिछड़ा गांव था। यहां मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव था। ना सड़क थी और ना बिजली लेकिन हमने लगातार प्रयास किया और वर्तमान में इस गांव में सभी मूलभूत सुविधायें मौजूद है। गांव की मुख्य सड़क से लेकर अंदर की सड़कें मुस्तैद हुई। आजादी के बरसो बाद यहां बिजली व्यवस्था सुदृढ़ हुई। एक समय ऐसा भी आया जब यह गांव गटर जैसा लगने लगा और हाईवा के परिचालन एवं उससे हो रहे प्रदूषण से ग्रामीण परेशान हो गये। फिर जनहित में मैंने लगातार बैठक कर कई समझौता कराया और आज की स्थिति इसके विपरित है। इस क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न कंपनियों में स्थानीय लोगों को ही अधिकर रोजगार से भी जोड़ा गया है।



### मौके पर इनकी रही मौजूदगी

विशेष रुप से भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव, कटकमदाग जिला परिषद सदस्य जीतन राम, कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, कृषि एवं जन वितरण प्रणाली के विधायक प्रतिनिधि इंद्रनारायण कुशवाहा, कुसुंभा मुखिया कल्लू राम, पंचायत समिति सदस्य सविता देवी, उप मुखिया सुरेंद्र बांडो, पूर्व प्रमुख अशोक यादव, भाजपा उपाध्यक्ष कमल कुमार साहू, हुलास प्रसाद कुशवाहा, मसरातु पंचायत पंचायत समिति सदस्य रामदुलार यादव, पसई मुखिया परमेश्वर गोप, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष तुलसी प्रसाद कुशवाहा, भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नितेश यादव, पूर्व मुखिया गणेश तूरी, चेतलाल यादव पवन तूरी सुरेंद्र राणा राजू यादव, बसंत यादव, सुरेंद्र गुप्ता, रूपलाल यादव, बाबू खान, सोनू खान, आशीष कुमार सिंह, निर्मला देवी, नगीना देवी, खुशबू देवी, गीता देवी, पार्वती देवी, शीतली देवी, सरस्वती देवी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### भाजयुमो मांडू मंडल की बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर हुई विस्तृत चर्चा

## राष्ट्र और भविष्य का निर्माता आज के जागरूक युवा हैं : पूनम साव

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** राष्ट्र व भविष्य का निर्माता आज के हमारे जागरूक युवा हैं। जो अपनी जागरूकता, देशप्रेम और दायित्व के साथ हिंदुस्तान की रक्षा के लिए सदैव समर्पित हैं। उक्त बातें भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह मांडू विधानसभा प्रवास प्रभारी पूनम साव ने रविवार को कुजू चौक में युवा मोर्चा मांडू मंडल द्वारा आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव 2024 में पार्टी की जीत सुनिश्चित को लेकर महत्वपूर्ण मंत्र देते हुए अभी से ही जुट जाने का आह्वान किया। वही, विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज कुमार झा, जिलाध्यक्ष अभितेश सिंह ने भी मौजूद कार्यकर्ताओं को जोश भरते हुए एकजुटता के साथ पार्टी हित में कार्य करने की अपील की। साथ ही, सरकार के खिलाफ आगामी फरवरी माह में जिला व प्रदेश स्तरीय होने वाले



कार्यक्रम को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इससे पूर्व, कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। साथ ही मौजूद आगत अतिथियों का कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष रवि साहू ने अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री पंचित महतो ने की। तत्पश्चात, मंडल अध्यक्ष रवि साहू द्वारा मोर्चा के पदाधिकारियों की पार्टी हित मे बेहतर कार्य को देखते हुए पदोन्नति प्रमाण पत्र पूनम साव के हाथों धर्मेंद्र सिंह, मोहित अग्रवाल और सूरज महतो को प्रदान कराया गया। मौके पर माण्डू महामंत्री अशोक कुमार, आशीष कुमार, यशवंत साहु, धर्मेंद्र सिंह, सूरज महतो, मोहित अग्रवाल, टीपू चंद्रपाल, श्रवण कुमार, हिमांशु गुप्ता, विरेंद्र करमाली, शुभम सिंह, संजीत कुमार, अमित कुमार, मुकेश ठाकुर, राहुल पटेल, ओम प्रकाश, मनीष कुमार, अभिषेक कुमार, रंजन कुमार, भागीरथ कुमार, विकाश प्रजापति, अंकित सिंह, निकेतन सिंह, आकाश सिंह आदि शामिल रहे।

## अंबा प्रसाद के प्रयास से किरीगढ़ा गांव में मिला ट्रांसफर्मर

**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम किरीगढ़ा में विगत कई दिनों से जले 100 केवीए का ट्रांसफार्मर को स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर बदला गयो शनिवार को देर शाम 100 केवीए का ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के बीच स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर सुपुर्द किया गयो ज्ञात हो कि विद्युत ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था एवं स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय विधायक को दी जिसके बाद विधायक अंबा ने विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए ट्रांसफार्मर उपलब्ध करायो इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में कहीं भी बिजली की समस्या होती है तो सीधे हमसे संपर्क करें ट्रांसफार्मर मिलने के अवसर पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता,बिस सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम,राजेंद्र गुप्ता, संतोष महतो, शिवदयाल महतो, तिलकधारी महतो, जलेश्वर महतो, गणेश महतो, गुरुदयाल महतो,विजय महतो, बसंत महतो समेत समस्त ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया।

# निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) के कन्वेंशन में नागेश्वर दास अध्यक्ष, प्रेम प्रकाश बने सचिव

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** कन्स्ट्रक्शन वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (सी डब्लूएफआइ) और सीटू से संबद्ध झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन का शहर स्तरीय कन्वेंशन रविवार को श्रम कल्याण केंद्र परिसर में संपन्न हुआ। अध्यक्षता यूनियन नेता प्रेम प्रकाश और रविन्द्र भारती ने किया। कन्वेंशन का विधिवत उद्घाटन करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि आज एक ओर मेहनतकशों के जीवन पर बढ़ रहे अंतहीन हमले और दूसरी ओर एकाधिकारवादी विभाजनकारी ताकतों द्वारा जनतांत्रिक अधिकारों और सामाजिक सद्भाव को खत्म किए जाने की लगातार कोशिश हो रही है. असंगठित क्षेत्र में काम करने मजदूरों के लिए कोई सामाजिक

### 5 अप्रैल को दिल्ली में मजदूर किसान रैली में होंगे शामिल




सुरक्षा नहीं है। 29 श्रम कानूनों में बदलाव कर मालिक पक्षीय चार लेबर कोड में तब्दील कर दिया गया है, जिसके तहत काम के घंटे को बढ़ाकर 12 घंटे करने का प्रस्ताव है। सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ाई को तेज करना होगा। मजदूर नेता प्रेम प्रकाश ने कहा कि निर्माण मजदूरों को मिलने वाला अधिकार श्रम विभाग से नहीं मिल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना हो जाने से मजदूरों को कोई मुआवजा नहीं मिलता है। महिला मजदूरों को मजदूरी कम मिलता है, वहीं कार्य स्थल पर इनका शोषण भी होता है। मोदी सरकार की किसान मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ दिल्ली में संसद पर 5 अप्रैल को मजदूर किसानों की रैली में सैकड़ों की संख्या में भाग लेने का प्रस्ताव लिया गया। अंत में निर्माण कामगार यूनियन झुमरीतिलैया कमिटी का गठन किया गया। 19 सदस्यीय कमिटी में नागेश्वर दास अध्यक्ष और प्रेम प्रकाश सचिव, शंभु पासवान कोषाध्यक्ष, रविंद्र भारती, बसंती देवी, बालेश्वर राम उपाध्यक्ष, बद्री तुरी, राजेंद्र पासवान, संयुक्त सचिव चूने गये। इसके अलावा सहदेव दास, शिवनंदन भूइयां, किसुन यादव, यशोदा देवी, अजमेरी खातुन, मुनिया देवी, कंचन देवी, सुनील कुमार, तालेश्वर दास, देवेंद्र दास, सुनील दास कमिटी सदस्य चुने गये। धन्यवाद ज्ञापन शंभु पासवान ने किया।

## इचाक टू नगवां भाया चंदवारा सड़क निर्माण संघर्ष समिति की हुई बैठक, कई निर्णय लिए



**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक बाजार में इचाक टू नगवां भाया साडम–चंदवारा सड़क निर्माण संघर्ष समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शंकर सिंह और संचालन सचिव दीपक सिंह ने किया। बैठक में सड़क निर्माण की स्थिति की चर्चा हुई। उपस्थित लोगों ने कहा की सड़क निर्माण से पहले सड़क से अतिक्रमण को स्वेच्छा से लोग दूर करे, इसके लिए समिति के सदस्य सभी ग्रामीण से मिल बात करेंगे। साथ ही निर्णय लिया गया की सड़क निर्माण संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधि मंडल विभाग से रोड निर्माण का प्रोसेस कहां तक पहुंचा इसकी जानकारी लेंगे। साथ ही आगामी आठ फरवरी को भुसाई टोला पारटांड़ में समिति के बैनर तले एक बैठक रखी गई है। जिसमे भूसाई, साडम, चंदवारा, धरमू, टेपसा आदि गांव के ग्रामीण उपस्थित होकर आगे की रणनीति बनाएंगे। बैठक में पूर्व मुखिया संतोष प्रसाद मेहता, कुमार संतोष सिंह, विनय मेहता, आलोक सिंह, मनोज कुमार सिंह, किशोर मेहता, विनय मेहता, संजय मेहता, रंजीत सिंह, अशोक सिंह, कृष्णा मेहता, अखलेश सिंह, मनोहर मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज की बैठक

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** शनिवार को बिष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत चौंथा ग्राम में शाकद्वीपीय ब्राह्मण संघ के द्वारा साक्षात सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को दैदीप्यमान करने वाले सूर्य देव को पूजन, अर्चन, हवन पंडित दिनेश्वर पाठक एवं पंडित मनोज कुमार पाठक दिलिप मिश्रा के द्वारा किया गया। आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ अंजनी कुमारी ने संपूर्ण करायी। प्रकृति के बल को बढ़ाने वाले सम्पूर्ण जीवन को रक्षा सूत्र देकर जगत जीव की रक्षा करने वाले सूर्य देव जन्मोत्सव मनाया गया। तत्पश्चात इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शासाब्रा महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष मिश्र, विप्र संघ के अध्यक्ष रोहितान्नद मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि शाकद्वीपी ब्राह्मण निरंतर सूर्य देव भगवान के उपासक रहें हैं जो सदैव जगत के जीव की कल्याण की कामना करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी ब्राह्मणों को एक जुट होकर चलने कि जरुरत है। सभा की अध्यक्षता राजेश्वर पाठक दिनेश्वर पाठक एवं संचालन संघ के सचिव घनश्याम पाठक हिमांशु मिश्रा के द्वारा किया गया। पूजनोत्सव में उपस्थित सर्व ओमप्रकाश पांडेय, उमेश मिश्रा, यशवंत मिश्रा, महेश्वर पाठक, सुदामा मिश्रा, सतीश मिश्रा, निरंजन मिश्रा, विजय कुमार मिश्र, विजय पाठक, दिलिप पाठक, सूधीर मिश्रा, नारायण मिश्रा, भास्कर पाठक, विनय कुमार पाठक, लक्ष्मीकांत पाठक, जयकुमार पाठक, अशोक मिश्र, नारायण मिश्रा, संजय मिश्रा, संतोष पाठक, नंद कुमार पाठक, गजेंद्र पाठक, शूशिल पाठक, संदीप पाठक, मृत्युंजय मिश्रा, संजय मिश्रा समेत काफी संख्या में महिला एवं पुरुष सामिल हुए। क्रार्यक्रम की सफलता में विशेष योगदान देकर हिमांशु मिश्रा, दिनेश मिश्र, अविनाश मिश्र, पतंजलि मिश्र, शेखर कन्याल, विवेक पाठक अमृत ने सफल किया।

## राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन ने सीटू जिला सचिव को लिखा पत्र

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार गुप्ता ने सीटू रामगढ़ जिला सचिव अर्जून सिंह को पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक में यूनियन के जगरनाथ पासवान और आजाद भुइयां को उपस्थित होने के लिए मनोनित किया जाये। पत्र की प्रतिलिपि सीटू महासचिव को भी प्रेषित की गई है।

## अवैध महुआ शराब के खिलाफ भुरकुंडा पुलिस ने चलाया अभियान, शराब और भट्ठी को किया नष्ट



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पुलिस ने अवैध जावा महुआ शराब के कारोबार पर रोक लगाने को ले ओपी प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया। अभियान में नकारी कॉलोनी से 150 लीटर महुआ शराब, सेंट्रल सौंदा चीफ हाउस से 50 लीटर जावा महुआ शराब और एक क्विटंल महुआ को नष्ट किया। मौके पर ओपी प्रभारी अमित कुमार ने कहा किसी भी हाल में अवैध महुआ शराब का कारोबार नहीं होने दिया जायेगा। लगातार छापामारी अभियान चलाकर शराब के अवैध कारोबारियों पर नकेल कसी जायेगी। अभियान में सअनि विरेंद्र ओझा, दल बल के साथ शामिल थें।

## विधायक अमित यादव ने जल यात्रा को रवाना किया



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम डहुवाटोल निवासी सोहवा देवी के यहां एकादशी उद्यापन एवं जल यात्रा को फीता काट कर विधायक अमित यादव ने रवाना किया। विधायक अमित कुमार यादव ने क्षेत्र की समृद्धि एवं खुशहाली की भी कामना की। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष निर्मला देवी, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष रामदेव मोदी, मुखिया राजकुमार यादव, मिडिया प्रभारी दीपक वर्णवाल, आरती देवी मुखिया, अरुण, समाज सेवी राजदेव यादव, मुरली सिंह, मंटू यादव, रामानुज, सुदामा सिंह, रामेश्वर राणा, विजय यादव, संतोष राणा और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## सीएम से दिखवा दी झंडी, पर ढिबरा का काम शुरू नहीं: असीम

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सीपीएम के जिला सचिव असीम सरकार ने कहा है कि जेएसएमडीसी की शिथिलता और क्षमता विहीन ढांचे के कारण को–ऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से ढिबरा चुनने का काम शुरू नहीं हो रहा है। इसका खामियाजा गरीब ढिबरा मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। जेएसएमडीसी की अक्षमता का लाभ उठा कर ढिबरा का अवैध व्यापार फिर तेज हो गया है, उन्होंने कहा कि खतियानी जोहार यात्रा के दौरान 17 जनवरी को मुख्यमंत्री के कोडरमा आने पर उन्हें खुश करने के लिए नई नियमावली के तहत ढिबरा के काम का उद्घाटन करवा लिया गया। सच्चाई तो यह है कि जेएसएमडीसी की कोई तैयारी नहीं है। न तो ढिबरा डंपो को चिंहित करने का काम हुआ है और ना ही को–ऑपरेटिव सोसाइटियों के साथ कोई एग्रीमेंट हुआ है। हालत यह है कि रांची स्थित जेएसएमडीसी के रांची स्थित लंबे चौड़े मुख्यालय भवन में ढिबरा पदाधिकारी अधिकारी के बैठने के लिए एक कमरा तक नहीं है। यह तो मुख्यमंत्री और क्षेत्र की जनता की आंखों में धूल झोंकने का कृत्य है। उन्होंने जेएसएमडीसी के प्रबंध निदेशक सह खान निदेशक अमित कुमार को सुझाव दिया है कि ढिबरा प्रभारी अधिकारी का मुख्यालय रांची की बजाय कोडरमा रखने की व्यवस्था करें एंव अविलम्ब ढिबरा मजदूरों से खरीदी शुरू करवायें। श्री सरकार ने ढिबरा प्रभारी अधिकारी की योग्यता पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्होंने तिलैया में गांधी स्कूल रोड स्थित निगम की 27 एकड़ जमीन पर डीएल के आवेदन में डम्प के साथ फैक्टरी लगाने के प्रस्ताव दे डाला। फलतः वन विभाग ने आपत्ति लगा दी। जेएसएमडीसी की कारखाना लगाने की कोई योजना नहीं है। इस प्रकार प्रभारी पदाधिकारी की अज्ञानता के कारण डीएल आवेदन फीस के रूप में निगम को 37 हजार का चूना लग गया। ऐसे अयोग्य पदाधिकारी को ढिबरा प्रभारी की जिम्मेवारी देना मुख्यमंत्री और सरकार के इतने महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के असफल होने की गारंटी है।

# आइआइटी भुवनेश्वर ने मनाया 11वां वार्षिक दीक्षांत समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** आइआइटी भुवनेश्वर ने संस्थान के सामुदायिक केंद्र में अपना 11वां वार्षिक दीक्षांत समारोह मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो एलएम पटनायक, एडजंक्ट प्रोफेसर और एनएएसआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक, चेतना अध्ययन कार्यक्रम, राष्ट्रीय उन्नत अध्ययन संस्थान, आइआइएससी बेंगलुरु ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज की। दीक्षांत समारोह का शुभारंभ एक भव्य एवं अद्भुत शैक्षणिक उत्सव तथा समारोह यात्रा के साथ हुआ। इसके बाद क्रमश 55 (पीएचडी); 172 (एमटेक); 90 (एमएससी); 81 (दोहरी डिग्रियां) तथा 273 (बीटेक) सहित कुल 671 मेधावी छात्रों को विभिन्न श्रेणियों में शैक्षणिक उपाधियां प्रदान की गयीं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो एलएम पटनायक ने छात्रों को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोल मॉडल बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भारत को ज्ञान महाशक्ति बनाने के लिए विविधता और प्रौद्योगिकी संचालित प्रयासों सहित सतत विकास पर जोर दिया।

इस अवसर पर आइआइटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रोफेसर श्रीपाद करमलकर ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा प्रदान करने सहित आइआइटी भुवनेश्वर के विभिन्न प्रयासों और उपलब्धियों पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस उपलक्ष्य पर अधिशासी मंडल के अध्यक्ष डॉ आरपी सिंह देश से बाहर थे, अतः उन्होंने वीडियो रिकॉर्डेड संदेश के माध्यम से दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। उन्होंने स्नातक करने वाले छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष की ओर से निदेशक द्वारा इस समारोह का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। यह दीक्षांत समारोह प्रमाण पत्र वितरण के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**मेधावी छात्रों को मेडल प्रदान करना :** इस अवसर पर भारत का राष्ट्रपति स्वर्ण पदक, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, विद्युत विज्ञान विद्यापीठ केशाह राज कल्पेश भाई (2018 बैच) को प्रदान किया गया, जिन्होंने बी.टेक में सर्वश्रेष्ठ अकादमिक प्रदर्शन किया। इस शुभ अवसर पर निदेशक का स्वर्ण पदक, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, विद्युत विज्ञान विद्यापीठ के प्रसाद एस (2017 बैच) को दोहरी डिग्री कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ अकादमिक प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर एमटेक बैच में सर्वश्रेष्ठ अकादमिक प्रदर्शन के लिए पृथ्वी, महासागर और जलवायु विज्ञान विद्यापीठ के प्रीतम कुमार (2018 बैच) को निदेशक स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इन सबके अलावा एमएससी में सर्वश्रेष्ठ अकादमिक प्रदर्शन के लिए पृथ्वी, महासागर और जलवायु विज्ञान विद्यापीठ के स्मरण माजी (2020 बैच) को भी निदेशक स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। प्रत्येक विद्यापीठों में सर्वश्रेष्ठ अकादमिक प्रदर्शन के लिए, शाह राज कल्पेश भाई, रोमित केशरवानी, जयेश कुमार साहू, गणेश राम कौशिक और स्मार्ट बंसल को संस्थान रजत पदक से सम्मानित किया गया।


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

इंद्रजीत कुशवाहा
मुखिया, पंचायत- बिरबल
प्रखंड- सगमा, जिला- गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

महताब आलम
निदेशक
ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल,
बीरबल, प्रखंड, सगमा
जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनिता देवी
मुखिया
पंचायत- सोनडीहा
प्रखंड- सगमा, जिला- गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अंजू यादव
जिप सदस्य
प्रखंड- सगमा, जिला- गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

किरण देवी
झामुमो नेत्री सह भावी प्रत्याशी
नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला
गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अजय साव
प्रखंड प्रमुख
सगमा, जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शारदा महेश प्रताप देव
वरिष्ठ भाजपा नेता सह सचिव
टी डी एम इंटर कॉलेज, अधौरा
बंशीधर नगर, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नीतीश कुमार सिंह
थाना प्रभारी श्री बंशीधर
नगर जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पंकज कुमार
प्रोपराइटर
सिटी स्टाईल
आधुनिक वस्त्र विक्रेता
बंशीधर नगर ,गढ़वा झारखंड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नित्यानंद चौबे
वरिष्ठ अधिवक्ता
श्री बंशीधर नगर
गढ़वा, झारखंड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अरुण कुमार
सोमनाथ प्रसाद अरुण
कुमार वस्त्रालय
मेन रोड, श्री बंशीधर नगर
गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अरुण कुमार मुंडा
अंचल पदाधिकारी
श्री बंशीधर नगर, जिला
गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रवण राम
प्रखंड विकास पदाधिकारी
बंशीधर नगर, गढ़वा
झारखंड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रामचंद्र केशरी
भाजपा नेता सह
पूर्व मंत्री झारखंड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आशीष कुमार गुप्ता
अध्यक्ष , झारखंड मुक्ति
मोर्चा प्रखंड-रंका, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दीपक कुमार सोनी
अध्यक्ष, झामुमो, युवा
मोर्चा, प्रखंड-रंका, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हेमंत लकड़ा
प्रमुख, प्रखंड-रंका
जिला- गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विक्रांत कुमार सिंह
भाजयुमो मंडल अध्यक्ष
सह वरिष्ठ समाजसेवी
बंशीधर नगर, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रामेश्वर उपाध्याय
थाना प्रभारी, रंका
थाना, जिला- गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शंभू राम
अंचल पदाधिकारी
अंचल- रंका, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संपूर्णा तिवारी
रंका उतरी जिला परिषद
सदस्या , प्रखंड-रंका
जिला-गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पप्पू यादव
खरडीहा पंचायत मुखिया
प्रतिनिधि सह झामुमो युवा
सचिव, प्रखंड- रंका, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सोनू कुमार
प्रखंड कार्यक्रम
पदाधिकारी , मनरेगा
प्रखंड-रंका, जिला- गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संतोष कुमार गुप्ता
गोदाम सहायक, झारखंड फूड
कारपोरेशन ऑफ इंडिया
प्रखंड-रंका, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पंकज कुमार तिवारी
प्रखंड कल्याण
पदाधिकारी, प्रखंड-रंका
जिला- गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सविता गुप्ता
मुखिया पंचायत-
रंकाकला, प्रखंड -रंका
गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मुन्ना सिंह
(उप मुखिया ग्राम पंचायत
अरंगी) समाजसेवी सह
झामुमो नेता, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राम सागर महतो
मुखिया - मेराल पूर्वी
अध्यक्ष - मुखिया संघ
प्रखंड मेराल (गढ़वा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रघुराई राम
जिलाध्यक्ष - अनुसूचित
जाति जनजाति कर्मचारी
महासंघ, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

देवानंद राम
प्रखंड विकास पदाधिकारी
प्रखंड- रंका, जिला - गढ़वा

# देवरी खुर्द की छात्रा बनी एक दिन की जिप सदस्य



एक दिन के लिए बनी जिप सदस्य छात्रा संध्या।

### विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्व भी जरूरी : राजू मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबादः** हुसैनाबाद प्रखंड के उत्तरी जीप राजू मेहता ने राजकीय मध्य विद्यालय देवरी खुर्द के कक्षा 8 की छात्रा संध्या कुमारी को एक दिन का जिला परिषद सदस्य बनाया। मौका था गणतंत्र दिवस का, श्री मेहता अपने जिप क्षेत्र के भ्रमण पर निकले थे, तभी मध्य बिद्यालय देवरी खुर्द की छात्र-छात्राओं ने जिप सदस्य को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया तभी कक्षा आठ की छात्रा संध्या ने सार्वजनिक सोच रखते हुए उन्होंने स्कूल का विकास, चारदिवारी निर्माण व शिक्षा में गुणात्मक सुधार समेत कई मांगो को रखा। जिप सदस्य ने विद्यार्थियों के मांगों को फरवरी के अंतिम माह तक पूरा करने व शिक्षा सुधार हेतु राज्य के शिक्षा मंत्री से मिल कर ध्यान आकृष्ट कराने का आश्वासन दिया। साथ ही जिप सदस्य श्री मेहता ने उक्त छात्रा के सार्वजनिक सोच का सराहना करते हुए उसे स्कूल में ही एक दिन के लिए जिला परिषद सदस्य बनाया। विधिवत रूप से शपथ ग्रहण कराकर क्षेत्र के जनहित समस्याओं से भी रूबरू कराया। यह कार्य क्षेत्र में चर्चा बना हुआ है। जिप सदस्य राजू मेहता ने अपनी सोच को हकीकत में बदलते हुए होनहार छात्रा को एक दिन के लिए जिप सदस्य बनाकर यह मैसेज देने का काम किया है कि छात्राएं भी अपने जीवन में बेहतर शिक्षा के साथ-साथ राजनीतिकऔर सामाजिक स्तर पर भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

देवरी खुर्द में सूर्य मंदिर निर्माण के लिए किया गया भूमि पूजन

# सूर्य मंदिर निर्माण से समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार

### तेजस युवा क्लब के तत्वावधान में सूर्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद के देवरी खुर्द अंतर्गत तेजस युवा क्लब के तत्वावधान में सूर्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। जिसमें तेजस युवा क्लब के सदस्यग एवं ग्रामीण जनता ने हिस्सा लिया।

इस पूजा कार्यक्रम में पुरोहित के रूप में अशोक पंडित एवं यजमान के रूप में ओमप्रकाश विश्वकर्मा शामिल रहे। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से हुसैनाबाद उत्तरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू कुमार मेहता उर्फ एसपी मेहता, मानवाधिकार मिशन के पलामू जिला अध्यक्ष उपेंद्र मेहता, तेजस युवा क्लब के संरक्षक आलोक कुमार यादव, अध्यक्ष अभिषेक कुमार, सचिव बृजराज पांडे, उपाध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र मेहता, सदस्य अजीत मेहता, नीरज ओझा, निरंजन मेहता, दिव्यांशु पांडे, रौशन ओझा, सरोज मेहता, आशुतोष, रंजन, प्रियरंजन समेत ग्रामीणों में दशरथ मेहता, जगमोहन सिंह यादव, रामप्रीत पासवान, उमा ओझा, गणेश मेहता, वासुदेव मेहता, भैरव विश्वकर्मा, हरिहर मेहता, रामराज विश्वकर्मा समेत अन्य ग्रामीण शामिल हुए।



मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन करते ग्रामीण

मौके पर उत्तरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू कुमार मेहता उर्फ एसपी मेहता ने कहा कि भगवान भास्कर के मंदिर निर्माण होने से क्षेत्र में समृद्धि व सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होता है कि सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें।

## निखिल इंटर प्राइजेज का हुआ उद्घाटन



हुसैनाबाद, आजाद सिपाही। शहर के स्टेशन रोड स्थित दुर्गा मंदिर के सामने निखिल इंटरप्राइजेज दुकान का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह,प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह,भुनेश सिंह,पंसस बद्री नारायण सिंह,लवकुश सिंह,मुखिया आत्मेश कुमार सिंह आदि ने फीता काटकर किया। मौके पर भाजपा नेता श्री सिंह ने कहा कि निखिल इंटरप्राइजेज दुकान खुलने से ग्राहकों को काफी सुविधा मिलेगी उन्होंने कहा कि इस तरह की दुकान खोलने से क्षेत्र का विकास में एक कदम और बढ़ेगा। अधिक दुकान खोलने से ग्राहकों को सुविधा मिलती है और उन्हें अपने मन मुताबिक सामग्री आसानी से प्राप्त हो जाती है। प्रोपराइटर निखिल सिंह ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में बर्गर कंपनी के पेंट,पुटी, ब्रूस,प्राइमर आदी सामग्री उच्च क्वालिटी का उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेगा। ग्राहको के विश्वास पर खरा उतरने का हमेशा प्रयास किया जाएगा। ग्राहकों की मांग पर अच्छे पेंटर भी उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर पूर्व मुखिया योगेंद्र सिंह,छोटू सिंह,अरुण सिंह,शिक्षक पंचम सिंह,प्रो अनिल सिंह,मनोज सिंह आदि मौजूद थे।

## कैरो ने जीता स्व, गोविंद साहू मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

लोहरदगा, आजाद सिपाही। कैरो प्रखंड के उतका गांव में मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित स्व गोविन्द साहू मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच गुरुवार को कैरो और गराडीह के बीच खेला गया। कैरो टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कैरो की टीम ने कुल 10 ओवर में 70 रन बनाए। इसके जवाब में गराडीह की टीम चेज करते हुए दस ओवर में मात्र 57 रन ही बना सकी। इस तरह से कैरो की टीम 13 रन से फाइनल मैच जीतकर खिताब पर कब्जा किया। इस मौके पर उपस्थित अतिथि विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विशाल डुंगडुंग, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अनीश अहमद, सदरुल अंसारी, दीपक महतो, असलम अंसारी ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया।

# पीजीएल सहोदया की टीम ने डीसी से शिष्टाचार मुलाकात की

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पीजीएल सहोदया की टीम ने पलामू उपायुक्त ए दोडे से शिष्टाचार मुलाकात किया। सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से उपायुक्त को बुके प्रदान कर उनका अभिनंदन किया ।

पूरे प्रक्रम के दौरान सदस्यों ने डीसी को बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने हेतु पीजीएस सहोदया का गठन हुआ है जिसमें वर्तमान में कुल 36 स्कूल सदस्य है साथ ही स्कूलों से संबंधित विभिन्न मुद्दों को डीसी के साथ साझा किया।




मौके पर डीसी द्वारा प्रदत्त आशीर्वाद से सभी ने एक नई ऊर्जा का अनुभव किया।

मौके पर डां जीएन खान पीजीएल सहोदया अध्यक्ष सह प्राचार्य एमके डीएवी स्कूल मेदिनिनगर, अश्लेष पांडेय महसचिव सहोदया सह प्राचार्य रोटरी स्कूल ( आनन्द शंकर ), श्री खन्ना प्राचार्य आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेहला, राहुल सिंह संयुक्त सचिव सहोदया सह प्राचार्य ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर, बरूची राकेश, प्राचार्य एलिट पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर, श्री मति सुनीता शर्मा सचिव सहोदया महीला प्रकोष्ठ सह प्राचार्य वीपीएम ज्ञान निकेतन स्कूल नेदिनीनगर, चंद्रशेखर सिंह प्राचार्य पीसीपीएस बिश्रामपुर, कुमार आदर्श पब्लिक रिलेशन ऑफिसर सहोदया सह प्राचार्य संत मरियम स्कूल, उपस्थित रहें ।

# भाजपा नेता ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



फीता काट कर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते भाजपा नेता बिनोद सिंह व अन्य।

### आज के परिवेश में खेल रोजगार का भी बेहतर साधन : बिनोद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के बडेपुर खेल मैदान पर रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह ने आदर्श कमेटी घोड़बंधा के तत्वावधान में हो रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच कामत बनाम दुलहर टीम के बीच खेला गया। उद्घाटन मैच को सम्बोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र में खेल का आयोजन होने से आपसी भाइचारा बढ़ता है। खिलाड़ी खेल के मैदान में खेल के भावना से खेलकर लोगों को आनन्द देते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का भव्य आयोजन होने से ग्रामीण खिलाड़ी का आत्मबल बढ़ता है और वे आगे बढ़ने के लिए उत्साहित होते हैं। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में खेल से युवाओं को शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ रोजगार का साधन भी उपलब्ध करा रहा है। इस मौके पर बडेपुर पंचायत के मुखिया पति प्रशांत सिंह,अशोक मेहता, रवि सिंह,रामकुमार सिंह, बिमलेश कुमार, प्रभात कुमार समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी दर्शक मौजूद थे।

# जंगली जानवर के हमले से दो लड़कियां घायल, दहशत

**बरवाडीह, आजाद सिपाही।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अखरा के ठेका सेमर टोला में जंगली जानवर के हमले से दो नाबालिग लड़की से घायल हो गई। घायलों में अमृता कुमारी उम्र 16 वर्ष पिता ललन सिंह और करिश्मा कुमारी उम्र 10 पिता उदेश भुइया शामिल हैं।जानकारी के अनुसार दोनों लड़कियां गांव की अन्य बच्चियों के साथ घर के पास ही घूम रही थी कि जंगली जानवर ने हमला कर घायल कर दिया। वहां मौजूद बच्चों और ग्रामीणों के द्वारा शोर मचाये जाने पर जंगली जानवर मौके से भाग निकला। घायलों को परिजन इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह लेकर पहुंचे जहाँ चिकित्सक अनुपमा एक्का, राजेश चंद्र उर्फ बबलू सविता कुमारी, कुंदन कुमार के देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के बारे में पूछे जाने पर बेतला के रेंजर शंकर पासवान ने कहा कि जानवर की पहचान नहीं हो पायी है। पीड़ित बच्चियों ने जानवर की पहचान नहीं की है। सियार या अन्य जानवर भी हो सकता है। घटना में बच्चियां मामूली रूप से घायल हुई हैं। वन विभाग के लोगों ने अस्पताल में उनका इलाज कराया है। विदित हो कि हाल के दिनों में बरवाडीह प्रखंड के उक्कामाड़, छेंछा और केचकी में जंगली जानवरों के द्वारा लोगों पर हमला किये जाने पर स्थानीय लोगों में काफी भय का माहौल है। वहीं वन विभाग के द्वारा अभी तक भी हमलावर जानवरों की पहचान नहीं कर पाने के कारण लोगों में काफी रोष है।

# नियोजन अधिनियम 2021 और नियमावली 2022 के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** समाहरणालय के सभागार में शनिवार को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग द्वारा झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाल का आयोजन डीडीसी रवि आनंद की अध्यक्षता में किया गया। जिला प्रशासन एवं जिले के सभी नियोक्ता पदाधिकारियों के बीच यह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन कर रहे जिला नियोजन पदाधिकारी सह प्राधिकृत पदाधिकारी धनंजय कुमार ने बताया कि यह अधिनियम झारखंड राज्य के निजी क्षेत्रों में कार्यरत स्थानीय उम्मीदवारों पर लागू होगा। नियोजन अधिनियम 2021 वैसे दुकानों, प्रतिष्ठानों, खदानों,उपक्रमों, उद्योगों, कंपनियों, सोसाइटियों, न्यासों, सीमित दायित्व भागीदारी फर्मों, भागीदारी फर्म और दस या दस से अधिक व्यक्तियों का नियोजन करने वाले किसी व्यक्ति और किसी संस्था, जो सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की जाए, पर लागू होगा। इसमें केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार के उपक्रम शामिल नहीं होंगे, किंतु केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार के प्रतिष्ठानों उपक्रमों में बाहरी स्रोत से सेवा उपलब्ध कराने वाली संस्था पर इस अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक नियोक्ता, इस अधिनियम के लागू होने के 3 माह के भीतर अभिहित पोर्टल पर 40000 रुपये से कम या सरकार द्वारा अधिसूचित अधिसीमा तक सकल मासिक वेतन या मजदूरी प्राप्त करने वाले ऐसे कर्मचारियों को पंजीकृत करेगा। कार्यशाला में जिला नियोजन पदाधिकारी धनजंय कुमार ने सभी नियोक्ता पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि नियोजन अधिनियम के तहत कुल रिक्त का 75 प्रतिशत पदों पर स्थानीय उम्मीदवार का नियोजित करेंगे।उक्त विधि से स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन के क्रम में समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखा जाएगा। इस अधिनियमन के अधीन लाभों के उपभोग हेतु तब तक पात्र नही होगा जब तक वह अपने आप को अभिहित पोर्टल पर पंजीकृत नही करवा लेता है। कार्यशाला में डीडीसी रवि आनंद के अलावे जिला नियोजन पदाधिकारी सह प्राधिकृत पदाधिकारी धनंजय कुमार सहित जिले के सभी नियोक्ता पदाधिकारी और कर्मीगण उपस्थित रहे।

## शिक्षक संघ की गिरिडीह इकाई की बैठक में डीइओ ऑफिस की कार्यशैली पर जताया आक्रोश

गिरिडीह। आजाद सिपाही, गिरिडीह के एचई हाई स्कूल में झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ के गिरिडीह जिला अध्यक्ष विजय कुमार महतो ने की। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाया गया, कहा गया कि किसी भी माह समय पर वेतन का भुगतान नहीं होता है, विद्यालय निरीक्षण के दौरान मौखिक रूप से क्षतिपूर्ति अवकाश को रद्द करने को कहा जाता है जबकि विभाग ने स्पष्ट किया गया है। क्षतिपूर्ति अवकाश कार्यालय प्रधान अर्थात् एचएम स्वीकृत करता है, साथ ही मेडिकल एवं अन्य तरह के अवकाश के लिए शिक्षकों को ऑफिस का चक्कर कटवाया जाता है। संघ ने निर्णय लिया है की ऑफिस अपनी शोषणकारी रवैया में सुधार नहीं करता है तो संघ आंदोलन करने को बाध्य होगा।

## स्पोर्ट्स



लखनऊ विवि के इंटर हॉस्टल कंपटिशन में 225 मेडल के साथ छात्र रहे आगे

# गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज बीर सामुंडा स्टेडियम सीएम नवीन पटनायक ने जनता को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बिरसामुंडा स्टेडियम ने दुनिया में सबसे बड़ी सीटों के साथ सबसे बड़े हॉकी स्टेडियम के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में स्थान मिला है। ओडिशा के लिए गर्व का दिन ही। बिरसामुंडा ने भारतीय खेल इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखा। बिरसामुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम को आधिकारिक तौर पर दुनिया के सबसे बड़े हॉकी स्टेडियम के रूप में मान्यता प्राप्त है। 5टी सचिव वी के पांडियान ने सबसे पहले मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को यह खुशखबरी दी। साथ ही उन्होंने इस दुर्लभ पल को सोशल मीडिया पर शेयर किया है.



खबर सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने खुशी जाहिर की। इसके लिए उन्होंने ओडिशा के लोगों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा, सभी के प्रयास, साझेदारी और मिलजुल कर काम करने से ओडिशा ने सफलता हासिल की है। लेकिन 15 महीने में दुनिया का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम बनाना एक मिराकिल है. लेकिन ओडिशा के दृढ़ प्रयासों ने इसे हकीकत बना दिया है।'इससे पहले एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इक्रम ने भी बिरसामुंडा स्टेडियम को दुनिया का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम बताया था। उन्होंने कहा, 'बीरसामुंडा जैसा स्टेडियम दुनिया में अनूठा स्टेडियम है। इसमें 21 हजार 800 दर्शकों के बैठने की क्षमता है। राज्य सरकार ने विश्व स्तरीय व्यवस्था की है।

स्टेडियम में हर वर्ग के लोगों के लिए सुविधाएं हैं। भीर्णक्षम लोग भी स्टेडियम जा सकते हैं और आराम से खेल देख सकते हैं।' एफआईएच अध्यक्ष की टिप्पणी और अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स की अफीशियल मान्यता ने ओडिशा को गौरवान्वित कर दिया है। 5टी सचिव ने कहा कि यह मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा संभव हुआ है।

# संत मरियम स्कूल की सभी शाखाओं में लहराया तिरंगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम के सभी शाखाओं में स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने झंडोतोल्लन किया। अपने संबोधन में अविनाश देव ने कहा कि हम सभी को गणतंत्र के वास्तविक अर्थ को समझने पर बल देना चाहिए। आज देश का युवा अपने दैनिक कार्यों में इस प्रकार व्यस्त हैं कि केवल साल में 15 अगस्त और 26 जनवरी के दिन ही हम देश के असली नायकों को याद करते हैं जबकि हम सभी को प्रतिदिन इनके कार्यों से प्रेरणा लेकर देश के सर्वांगीण विकास में बेहतर योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार का हम सभी के जीवन




मिथुन कुमार सिंह
भाजयुमो कोषाध्यक्ष बाघमारा मंडल सह युवा समाजसेवी
आवास बेहरा कुदर पंचायत

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरुण चटर्जी जिंदाबाद
धर्म बाउरी
अध्यक्ष
असंगठित मोर्चा
मासस झरिया अंचल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ना जियो धर्म के नाम पर, ना मरों धर्म के नाम पर, इंसानियत ही है धर्म वतन का, बस जियो वतन के नाम।,
BHAGAT SINGH PUBLIC SCHOOL
MAITHON ROAD KUMARDHUBI

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजीवनी नर्सिंग होम, कतरास

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरुण चटर्जी जिंदाबाद
भूषण महतो/ उमा चौहान
बिहार कोलियरी कामगार यूनियन
बीसीसीएल क्षेत्र संख्या- 6

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सोमेन कुमार घोष
प्रिंसीपल
इंदिरा गांधी स्कूल
लोयाबाद हटिया मैदान

## सांसद ने श्मशान घाट के सौंदर्यीकरण कार्य का किया शिलान्यास



मुरी (आजाद सिपाही)। सिल्ली प्रखंड क्षेत्र में रविवार को सांसद मद से मुरी रेलवे पुल के बगल में श्मशान घाट केसौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। सांसद ने कहा कि यह 27 वां श्मशान घाट का शिलान्यास है, क्योंकि मैंने बड़े-बड़े शहरों का श्मशान घाट का निरीक्षण किया है। देखा कि वहां का श्मशान घाट बहुत ही सुंदर और सुनियोजित तरीके से बनाया गया है और उन्हें बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया है। वह तरह-तरह के भगवान की प्रतिमा भी लगी हुई है। इसी से प्ररित होकर रांची के श्मशान घाटों का भी सौंदर्यीकरण करने का विचार आया, ताकि लोगों को शव के दाह संस्कार के साथ देवी देवताओं के भी दर्शन हो सके। इस मौके पर भाजपा के रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू, सिल्ली प्रखंड मंडल अध्यक्ष विनोद साहू, सृष्टिधर प्रजापति, सृष्टिधर महतो, भागीरथ महतो, साधु चरण महतो आदि थे।

### अतिथि भी रंगे मेला के रंग में, लोगों के साथ नाच-गाकर किया खुशियों को साझा

# मेला संस्कृति विरासत की धरोहर व हमारी पहचान है : आशा लकड़ा

**सिरका : युवा महोत्सव सह टुसू मेला में उमड़ी भीड़**

आजाद सिपाही संवाददाता

## समाज के लिए बेहतर कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित



मेयर आशा लकड़ा का स्वागत करते मेला समिति के अध्यक्ष।

**अनगड़ा।** सिरका पंचायत के पीपराटांड़ में लगने वाला युवा महोत्सव सह टुसू मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस मेला में आसपास व दूरदराज से हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। वहीं मेला में आसपास के दर्जनों गांवों की महिलाएं व युवतियां आकर्षक टुसू के साथ नाचते-गाते हुए पहुंची। इस अवसर पर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसमें बालिकाओं ने बेहतर खेल का प्रर्दशन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मेला के उत्साह व उमंग में अतिथिगण भी अपने आपको रोक नहीं सके और मांदर की थाप पर लोगों के साथ नाच-गाकर खुशियां मनायी। संध्या में झूम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा रंगारंग नागपुरिया गीत, संगीत व नृत्य का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची की मेयर आशा लकड़ा थीं, जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार, प्रमुख दीपा उरांव, सावित्री देवी, समाजसेवी रामकृष्ण चौधरी, आजसू नेता विरेन्द्र सिंह भोगता, पारसनाथ उरांव, जगन्नाथ महतो, महाबीर महतो, मार्शल महतो, शिवलाल महतो आदि उपस्थित हुए। मौके पर आशा लकड़ा ने कहा कि मेला न सिर्फ हमारी लोक संस्कृति की पहचान है बल्कि यह हमारे बिरासत की धरोहर है, जिसे अक्षुण्ण बनाये रखने की जरूरत है। उन्होंने इस मेला के माध्यम से खासकर युवाओं को अपनी प्राकृतिक धरोहरों को संरक्षित करने का आहवान किया। मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त करते हुए लोगों से अपनी अखरा संस्कृति व परंपरा को बचाये रखने की अपील की। अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष सह मुखिया रोशन लाल मुण्डा ने तथा संचालन कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने किया। बाद में आयोजन समिति द्वारा बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता की विजेता टीम तथा सर्वश्रेष्ठ चौड़ल को पुरस्कृत किया गया। वहीं विभिन्न सेवा कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शख्सियत सम्मानित किये गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष रोशन लाल मुण्डा, धर्मेन्द्र सिंह, जगेश्वर महतो, पारसनाथ महतो, फलिन्द्र महतो, सत्येन्द्र मुण्डा, शिवा मुण्डा, अजीत महतो, प्रणव महतो, झल्लू मुण्डा, अंजना उरांव, जलेश महतो, सहजनाथ महतो, दुर्गा महतो, रंजीत करमाली, करमलाल महतो, बलराम महतो, फुलचंद मुण्डा, रतिलाल मुण्डा, सुरेश, अनुज, किशोर, अनुज, श्याम, राजू मुण्डा, लखीचरण मुण्डा, विपीन मुण्डा, अजय ठाकुर, राजीव महतो, रंजन, शिवा, दुबराज मुण्डा, जयशंकर मुण्डा, राजेन्द्र, प्रदीप उरांव, रीता देवी, रेणु देवी, पुष्पा देवी आदि का योगदान रहा।

## सामाजिक एकता से ही मानव का हो सकता है कल्याण: संज्योति देवी



**बानपुर में मसीह मिलन जतरा महोत्सव का हुआ आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** बोंगईबेड़ा पंचायत के बानपुर गांव में रविवार को मसीह मिलन सह जतरा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य संज्योति देवी थीं। इस महोत्सव में आसपास व दूरदराज से सैकड़ों की संख्या में मसीही समुदाय के लोग शामिल हुए। वहीं खोड़हा नृत्य मंडली की युवक-युवतियां पारंपरिक वेश भूषा में मादंर की थाप पर नाचते-गाते हुए मेला में पहुंची। मौके पर संज्योति देवी ने कहा कि एकता और प्रेम से ही मानव समाज का कल्याण हो सकता है। यह महोत्सव हमें आपस में मिल-जुलकर रहने तथा आपस में खुशियां बांटने का संदेश देता है। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य संज्योति देवी के सौजन्य से जतरा समिति को दो डंका तथा एक नगाड़ा दिया गया। अध्यक्षता सुधीर लकड़ा ने किया। मौके पर पूर्व मुखिया मालती मुंडा, वार्ड मेंबर सोनालाल भोगता, समाजसेवी जगेश्वर महतो, धनीराम महतो, खेराट पहान, गंगा मुण्डा आदि शामिल थे।

## पांडुपुड़िंग जलप्रपात में डूबने से एक और किशोर की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**तोरपा।** तपकरा थाना क्षेत्र के पांडुपुन्डिंग जलप्रपात में डूबने से रविवार को भी एक सैलानी की मौत हो गई। मृतक की पहचान रौनक कुमार माथुर (13) के रूप में हुई है। वह रविवार को स्वजनों के साथ पिकनिक मनाने पांडुपुड़िंग गया था। वहां नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गया। वह खूंटी कटहल टोली निवासी जितेंद्र कुमार माथुर का बेटा था और लोयोला स्कूल खूंटी में आठवीं कक्षा का छात्र था। रेफरल अस्पताल में मृतक के पिता जितेंद्र ने बताया कि हमारे कुछ स्वजन बिहार से खूंटी आये हुए हैं। उनके साथ रौनक पिकनिक मानने के लिए पांडुपुडिंग जलप्रपात चला गया था। जल प्रपात में वह अपने भाई व कुछ साथियों के साथ पानी में उतर कर स्नान करने लगा, सभी कोई नहाने के बाद बाहर निकल गए, लेकिन रौनक दोबारा नहाने चला गया। काफी देर बाद उसे स्वजनों ने ग्रामीणों की मदद से उसे पानी से बाहर निकाले और तोरपा स्थित रेफरल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

**डूबने से अब तक तीन लोगों की हो चुकी मौत**

पांडुपुड़िंग में 21 जनवरी को भी सेल्फी लेने के दौरान हजारीबाग के शिवम मिश्रा नामक युवक की डूबने से मौत हो गई थी। कुछ दिन पहले उसी जगह पर मछली पकड़ने के दौरान डेरांग निवासी युवक की भी मौत हो गई थी।

## एसके दांगी अध्यक्ष एवं भानु प्रताप बने महामंत्री



**खलारी (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय श्रमिक संगठन सीएफटीयूआई के अधीन रविवार को झारखंड प्रदेश माइंस कामगार यूनियन की स्थापना की गई। सीसीएल एनके एरिया के केकराहीगढ़ा बस्ती में सावित्री देवी की अध्यक्षता में यूनियन का प्रथम अधिवेशन हुआ। जिसमें झारखंड प्रदेश माइंस कामगार यूनियन के स्थापना की विधिवत घोषणा की गई। साथ ही यूनियन कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष एसके दांगी, महामंत्री भानु प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष बालेश्वर गंझू, सावित्री देवी, मनोज कुमार गोप, कंचन देवी, सचिव मनीश कुमार झॉ, सोहन कुमार, राजेश मुंडा, प्रमोद पासवान, संगठन सचिव राजेन्द्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार सिन्हा के अलावा कार्यसमिति सदस्यों में अमित कुमार सिंह, जमाल खान, रेशमा देवी, अविनाश सिंह, नकुल महतो, राम प्रसाद तुरी, महेश कुमार, राजेश महतो, संजय सिंह, निरंजन यादव, राजु मुंडा का चयन किया गया। इस अवसर पर महामंत्री भानु प्रताप सिंह ने कहा कि झारखंड प्रदेश माइन्स कामगार यूनियन का केंद्रीय श्रमिक संगठन कन्फेडरेषन ऑफ फ्री ट्रेड यूनियन्स ऑफ इंडिया (सीएफटीयूआई) से संबद्ध रहेगा।

## गर्म पानी से झुलसा सीसीएल कर्मी का चेहरा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** केडीएच परियोजना में काम करने के दौरान एक सीसीएल कर्मी का चेहरा गर्म पानी से झुलस गया। घटना शनिवार को द्वितीय पाली में घटी। केडीएच के कारगिल में काम करने के दौरान मजदूर अशोक गंझू का चेहरा रेडिएटर के गर्म पानी से झुलस गया। इसके बाद उसे डकरा सेंट्रल हॉस्पिटल में दवा देकर छोड़ दिया गया। वहीं प्रबंधन द्वारा उसके घरवालों को घटना की जानकारी भी नहीं दी गई। अस्पताल से दवा लेने बाद अशोक गंझू घर गए। उधर, रातभर परेशान होने के बाद रविवार की सुबह उनके भाई पुनः अस्पताल ले गए। उधर, घटना की जानकारी बिहार कोलियरी कामगार यूनियन सीटू के जोनल अध्यक्ष रतिया गंझू को दी गई। जिसके बाद रतिया गंझू तुरंत अस्पताल पहुंचे और घायल अशोक गंझू का हाल जाना। साथ अस्पताल प्रबंधन को घायल के उचित ईलाज के लिए कहा। रतिया गंझू ने कहा कि प्रबंधन द्वारा सेफटी को ताक पर रखकर मजदूरों से काम करवाया जाता है। जिस होलपैक के रेडिएटर से मजदूर का चेहरा झुलसा है उसके ढक्कन को बोरा से टाइट करवा कर चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि मैंने देखा है कि किसी भी हॉलपैक में लुकिंग ग्लास तक नहीं है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रबंधन सेफटी को लेकर कितना गंभीर है।

## रांची सांसद ने सुनी ग्रामीणों की समस्या



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची सांसद संजय सेठ ने रविवार को आरा पंसस अनु तिवारी के घर पर विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि के साथ बैठक की। जहां जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। वहीं, समस्याओं को सुनने के बाद सांसद ने कहा कि यह केंद्र सरकार की नहीं, बल्कि राज्य सरकार की समस्या है। उन्होंने डीसी और डीडीसी से बात कर समस्या पर निजात दिलाने का आश्वासन दिया। बैठक में रामकुमार पाहन, प्रमोद कुमार सिंह, मुक्ति नाथ मिश्रा, पुरुषोत्तम मिश्रा, ओम प्रकाश पांडेय, नीता कच्छप, नूतन पाहन, रमेश कुमार, आरा मुखिया, कुटियातु मुखिया के साथ विभिन्न पंचायत के वार्ड सदस्य, उप मुखिया उपस्थित थे।

## बानपुर उत्क्रमित उच्च विद्यालय में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस एवं सरस्वती पूजा





**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बानपुर उत्क्रमित उच्च विद्यालय में 74वां गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा धूमधाम से मनायी गयी। प्राचार्य एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने सामूहिक रुप से झंडोत्तोलन किया। उसके बाद छात्रों ने देशभक्ति से लबरेज सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। प्राचार्य आनंद कुमार साहू ने गणतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं ग्राम शिक्षा समिति के अध्यक्ष जगन लिंडा ने बताया कि शिक्षा है तो भविष्य है। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक कुंदन कुमार ने किया। कहा कि यह बहुत अच्छा संजोग है कि गणतंत्रता दिवस और सरस्वती पूजा एक साथ है। आज नियम पर चलने और शिक्षित होने दोनों की प्रेरणा हम साथ लेंगे। कहा कि व्यक्ति शिक्षित होकर ही एक अच्छा इंसान बन सकता है और अच्छे नागरिकों से ही अच्छा देश बनता है। इसके बाद मां की वंदना की गई। जिसमें सभी छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर शिक्षक कुंज बिहारी महतो, विवेक कुमार, गंगाधर मुंडा, नम्रता प्रकाश, किरण कुमारी, इपिल स्मिता तिरु, पुरण चंद्र रजक, महावीर लोहरा, अनिल महतो एवं अतिथि के रूप में सुधीर तिग्गा, मनसा तिर्की, दिलीप सिंह आदि थे।

### बुंडू पहुंचे सांसद साक्षी महाराज, कई कार्यक्रमों में हुए शामिल

# बुंडू में भारत माता का मंदिर बनना झारखंड के लिए गौरव की बात है: साक्षी महाराज

आजाद सिपाही संवाददाता



बुंडू पहुंचे सांसद साक्षी महाराज का स्वागत करते गणमान्य।

**बुंडू।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव से भाजपा सांसद और राम जन्मभूमि अंदोलन के अग्रणी महंत साक्षी महाराज रविवार को बुंडू स्थित सूर्य मंदिर पहुंचे। वहां सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इसके बाद साक्षी महाराज ने मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद 10.30 बजे बुंडू स्थित नवनिर्मित भारत माता चौक पहुंचे जहां भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया। लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बुंडू में भारत माता का मंदिर बनना झारखंड के लिए गौरव की बात है। यहां की धरती वैभवशाली है। बुंडू में भाजपा संगठन का काम भी अच्छे से हो रहा है। इसके बाद अरुणोदय सभागार पहुंचे, जहां भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल और भाजपा बुंडू नगर मंडल अध्यक्ष आलोक दास ने शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। फिर बुंडू के कई गणमान्य लोगों के साथ संघ विचार परिवार के सदस्यों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने महाराज का स्वागत किया। सुबह 11 बजे से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए और सुने। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, पूर्व सेल निदेशक डॉ समर सिंह, सूर्य मंदिर संस्कृति विहार के संयोजक प्रमोद सिंह, भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रंजित लाहिरी, अरुण जैन, भाजपा युवा मोर्चा के जिला प्रभारी ऋद्धि राज, जिला उपाध्यक्ष रंजन कुमार, दीपक साहू, मंडल महामंत्री पवन जायसवाल, सुबोध मुखर्जी, अपुल राज, सुजीत अधिकारी, सुनील गुप्ता, सत्यनारायण भगत, शिवराज सिंह, पवन राणा, मनोज चौरसिया, अनिल उरांव सहित सैकड़ों की संख्या में बुंडू के प्रबुद्ध जनों ने भाग लिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया सीओ का घेराव



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बिसा पंचायत अंतर्गत बेंती पाकर टोली के होनहार युवक संजीव कुमार मुण्डा की निर्मम हत्या विगत दिनों रातू थाना क्षेत्र के बजर टुंगरी सिमलिया में कर दी गई। हत्या करने के बाद युवक के शव को जलाने का प्रयास किया गया। सूचना मिलने के बाद रातू पुलिस ने सिमलिया के डोंगरी पहाड़ से युवक का अधजला शव बरामद किया। इधर हत्या के विरोध में तथा मुआवजे की मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने अनगड़ा सीओ का घेराव किया। बाद में सीओ को एक ज्ञापन देकर मामले का खुलासा कर हत्यारों को तुरंत गिरफ्तार करने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, पारिवारिक लाभ योजना सहित अन्य सरकारी योजना से आच्छादित करने की मांग की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नेता सत्यदेव मुण्डा, उमेश बड़ाईक एवं संतोष महतो कर रहे थे। मौके पर मनेश्वर मुण्डा, सोहन मुण्डा, अजय करमाली, कमलाकांत मुण्डा, बनु बेदिया, रोहित बेदिया, हर्षनाथ भोगता आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस नेता अशफाक आलम बनाये गये बुढ़मू प्रखंड प्रभारी



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी की हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण नें युवा नेता अशफाक आलम को बुढ़मू प्रखण्ड का प्रभारी नियुक्त किया है। नियुक्ति संबंधी पत्र सौंपते हुए अध्यक्ष ने अशफाक आलम को पार्टी के इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिये गये दायित्व का बखुबी निर्वहन करने तथा सिद्धत के साथ इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। इन्हें प्रभारी नियुक्त किये जाने पर पार्टी के झारखण्ड प्रभारी अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक राजेश कच्छप, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शाहजादा अनवर, मंत्री आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, रिया तिर्की आदि ने बधाई दी है।

## पारा शिक्षकों एवं गैर पारा जेटेट सफल अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों ने तमाड़ विधायक से मिलकर ज्ञापन सौंपा



तमाड़। (आजाद सिपाही)। पारा शिक्षक/गैर पारा जेटेट के सफल अभ्यर्थी संघ झारखंड प्रदेश के एक प्रतिनिधिमंडल ने संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष एतवा लाल सिंह मुंडा के नेतृत्व में तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा से मुलाकात कर अपनी मांग के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से कहा कि वर्ष 2013 और 2016 में आयोजित जेटेट परीक्षा शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 के आलोक में ली गई थी। वर्ष 2016 में उत्तीर्ण हुए जेटेट अभ्यर्थियों को विगत 7 वर्षों में एक भी नियुक्ति प्रक्रिया से गुजरने का अवसर नहीं मिला है। इस लिए जेटेट परीक्षा जिस नियुक्ति नियमावली के तहत ली गई थी उसी के तहत मैरिट लिस्ट के आधार पर उन्हें सहायक शिक्षक के पद पर सीधी नियुक्ति की जाए। इस पर विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे जल्द ही उनकी मांगों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष प्रमुखता से रखेंगें और समस्या का निराकरण करने का प्रयास करेंगे। वहीं, कोषाध्यक्ष एतवा लाल सिंह मुंडा ने कहा कि हमने 2012 की शिक्षक नियुक्ति नियमावली के आलोक में जेटेट परीक्षा पास की है तो हमें उसी आधार पर नियुक्ति चाहिए। राज्य सरकार अब नियमों में बदलाव कर चपरासी के वेतनमान के साथ सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली लाने की तैयारी कर रही है जिसका संगठन कड़ा विरोध करता है। उन्होंने कहा कि विधायक जी ने हमें आश्वस्त जरूर किया है कि वे मुख्यमंत्री से मिलकर सीधी नियुक्ति की बात को रखेंगे और प्रयास करेंगे कि संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी बातों को रखें। सरकार जल्द हमारी मांग पर फैसला नहीं लेती है तो राज्यव्यापी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगें। जिसकी पूरी जवाबदेही झारखण्ड सरकार की होगी। प्रतिनिधिमंडल में दिगंबर यादव, रमेश उरांव, शरत चंद्र, रवींद्र कुमार, राधा गोविंद, रवींद्र कालिंदी, राजेश कुमार आदि शामिल थे।

## इटकी में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



इटकी (आजाद सिपाही)। जमीयत उल मोमिनीन की इटकी प्रखंड स्तरीय शाखा के पदाधिकारियों का चुनाव 12 फरवरी को मतपत्र के माध्यम से होगा। इसे लेकर रविवार को बाजार टांड में चुनाव कार्यालय का खोला गया, जिसका उद्घाटन हिंदू जागरण समिति के संरक्षक सह पूर्व जिप सदस्य लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव व इस्लाहुल इराकीन कमेटी के सचिव हाजी मोइनुद्दीन ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर शहाब हमजा के नेतृत्व में 21 सदस्यीय चुनाव कमेटी का गठन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी समाज के विकास के लिये आपस में संगठित होना आवश्यक है। मौके पर अफसर इमाम, इकबाल नईमी, अब्दुल मनान, अमीन अंसारी, मेराज आलम तस्लीम, तारिक हसन, अबू माज, हाजी एनामुल, मो अकील, जिब्राइल अंसारी व हाजी अली हसन आदि थे।

## सेवानिवृत्त ऑफिसर्स का पुनर्मिलन समारोह संपन्न



बेड़ो (आजाद सिपाही)। भारतीय वायुसेना के 55 वें ग्राउंड ड्यूटी ऑफिसर्स कोर्स के सेवानिवृत्त ऑफिसरों का पुनर्मिलन समारोह का आयोजन रविवार को बेड़ो प्रखंड स्थित जरिया गांव में किया गया। जिसका आयोजन भारतीय वायुसेना के सेवानिवृत्त ऑफिसर एयर कमोडोर असित कुमार अधिकारी की अगुवाई में हुआ। वहीं देश के विभिन्न राज्यों से भारतीय वायुसेना के सेवानिवृत्त ऑफिसरों का दल 27 जनवरी को रांची पहुंचा। शनिवार को इनका दल पतरातु के पर्यटक स्थल जलक्रीड़ा में नौका विहार का आनंद लिया। रविवार को बेड़ो प्रखंड के जरिया गांव पहुंचने पर जनजातीय परंपरा के तहत नाच गान के साथ इनका स्वागत किया गया। सेवानिवृत्त ऑफिसर एयर कमोडोर असित कुमार अधिकारी ने बताया कि 1975 में कमीशन प्राप्त ये सभी ऑफिसर्स अभी करीब 70 वर्ष के हो गए हैं। इसके बावजूद इनका जोश,जुनून और जज्बा युवाओं के जैसा है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 30 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



## योगेंद्र प्रसाद से मिले झारखंड राज्य आजीविका कैडर के प्रतिनिधि



**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** पेटरवार स्थित झामुमो प्रधान कार्यालय में झारखंड राज्य आजीविका कैडर संघ अंतर्गत पीआरपी एवं बीएपी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो से मुलाकात की। मंत्री के अथक प्रयास से सरकार द्वारा पीआरपी एवं बीएपी को उनकी 4 सूत्री मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई के मिले भरोसे पर प्रसन्नता व्यक्त किया और मंत्री को पौधा प्रदान कर आभार जताया। मुख्य परिचालन पदाधिकारी, जेएसएलपीएस द्वारा सभी पीआरपी एवं बीएपी को एक पत्र प्रेषित कर पूर्व की भांति अपने-अपने संबंधित कार्यस्थल में योगदान करने का निर्देश दिया गया है। बताते चले कि 13 जनवरी को एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग पत्र सौंपा था। कहा था कि आप ही हमारे समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं और आप ही एकमात्र उम्मीद हैं।

### सामुदायिक भवन तोड़ने को लेकर ग्रामीणों और बीसीसीएल अधिकारियों के बीच नोंकझोंक

# बल प्रयोग से नाराज ग्रामीणों ने किया सीआइएसएफ पर पथराव

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** बीसीसीएल शताब्दी परियोजना विस्तारीकरण को लेकर रविवार को क्षेत्र संख्या वन के क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा केंदुआडीह मंडल स्थित सरकार की ओर से निर्मित सामुदायिक भवन तोड़ने की कवायद शुरू की गई। जिसे लेकर आक्रोशित ग्रामीणों, बीसीसीएल और सीआइएसएफ के बीच नोक-झोंक हो गई। इस दौरान सीआइएसएफ जवानों ने हल्का बल प्रयोग कर दिया, जिससे मामला बिगड़ गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने सीआइएसएफ पर पथराव कर दिया। इसकी सूचना पाकर बरोरा पुलिस मौके पर पहुंच गई और आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया।



सामुदायिक भवन तोड़े जाने के प्रतिवाद में बीसीसीएल और सीआइएसएफ जवानों से उलझते ग्रामीण।



भवन को तोड़ते कर्मी।

### महाप्रबंधक पर लगाया तानाशाही का आरोप

जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह बीसीसीएल प्रबंधन ने मंडल केंदुआडीह में स्थित सरकारी जमीन पर झारखंड सरकार की ओर से बनाए गए सामुदायिक भवन को तोड़ दिया गया। इसे देखते हुए भारी संख्या में सीआइएसएफ जवान मौजूद थे। सामुदायिक भवन टूटता देख मंडल केंदुआडीह के ग्रामीणों ने विरोध किया, जिसे लेकर नोक-झोंक हो गई। दोनों ओर से वाक् युद्ध व धक्का-मुक्की होने लगी। यह देख सीआइएसएफ जवानों ने ग्रामीणों पर लाठीचार्ज कर दिया। जिससे जय प्रकाश यादव चोटिल हो गया। यह देख ग्रामीण भी उग्र हो गए और पत्थराव शुरू कर दिया। इस घटना में विनित कुमार नामक सीआइएसएफ का एक जवान घायल हो गया। उसे हल्की चोट आई है। इसकी सूचना पाकर बरोरा थाना प्रभारी निरज कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंच ग्रामीणों को समझा बुझा कर स्थिती को नियंत्रित किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में यही एक सामुदायिक भवन है जिसमें शादी-ब्याह व सार्वजनिक पूजा-पाठ व अन्य समाजिक कार्यक्रम होते थे। बीसीसीएल प्रबंधन को तोड़ने से पहले ग्रामीण से बातचीत करनी चाहिए थी। लेकिन महाप्रबंधक पियूष किशोर हिटलर राज कायम करना चाहते है। खबर लिखे जाने तक बीसीसीएल प्रबंधन व ग्रामीणों में से किसी ने लिखित शिकायत नहीं की है।

## झरिया वाटर बोर्ड कॉलोनी में दी गई स्व. रंजय सिंह को श्रद्धांजलि, रागिनी सिंह ने परिजनों को बंधाया ढाढ़स



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया भगतडीह स्थित वाटर बोर्ड कॉलोनी में रविवार को स्व रंजय सिंह की छठी पुंयतिथि पर शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह भी शामिल हुई। उन्होंने स्व रंजय के परिजनों से मिल उन्हें ढाढस बंधाते हुए अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने स्व रंजय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान स्व रंजय सिंह की पत्नी एवं परिजनों ने कहा कि पिछले 6 वर्षों से हम न्याय की आस में है। मेरे पति को गोली मारकर हत्या की गई थी, लेकिन आज भी उसके हत्यारे आराम से बाहर घूम रहे है। हमें ना तो राज्य सरकार और ना ही प्रशासन से न्याय मिला। अब तक न्यायालय से भी न्याय नहीं मिला है। परिजनों ने आरोप लगाया कि वो एक सामान्य परिवार से था और भाजपा का एक सक्रिय कार्यकर्ता था। इसलिए बड़े घराने के आरोपियों को प्रशासन बचा रही है। मृतक की विधवा पत्नी का भी सब्र का बांध टूट चुका है। बच्चे आज भी अपने पिता को ढूंढते है। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, बस्ताकोला मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा, नगर अध्यक्ष अरुण साव, जोरापोखर मंडल अध्यक्ष अभिषेक पांडेय, लोदना मंडल अध्यक्ष राजा राम पासवान, ओबीसी जिला अध्यक्ष शैलेश सिंह चंद्रवंशी, अनिल शर्मा, दिलीप भारती, अरिंदम बनर्जी, रघु राम, अखिलेश सिंह आदि मौजूद थे।

## गोमिया विधायक लंबोदर महतो के जन्मदिन पर प्रतिनिधि ने चलाया स्वच्छता अभियान

**गोमिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो के जन्मदिन को पेयजल स्वच्छता विभाग के उनके प्रतिनिधि संदीप स्वर्णकार ने कुछ अलग ढंग से मनाया। रविवार की सुबह उन्होंने मध्य दुर्गा मंदिर जाने वाले रास्ते को जेसीबी लगाकर कर साफ करवाया। इस मौके पर समाज के सचिव धीरज स्वर्णकार, मनोज स्वर्णकार, विजय स्वर्णकार, फागू स्वर्णकार,आनंद स्वर्णकार आदि थे।

## भारत सरकार के इंसपायर अवार्ड के लिए चयन हुए डीएवी-6 के दो विद्यार्थी





**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से आयोजित होने वाले इंस्पायर अवार्ड के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 के दो विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इनमें नवमी की आना सिन्हा और कक्षा-6 के ईशान कुमार झा शामिल हैं। प्राचार्य एसके मिश्र ने इन दोनों प्रतिभागियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए शुभकामना दी है। ये दोनों प्रतिभागी विज्ञान व तकनीकि की सहायता से समाज, राज्य व राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। डीएवी-6 के उदीयमान विद्यार्थी अपने कठिन परिश्रम से प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। प्राचार्य ने कहा कि विज्ञान शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थी अपनी वैज्ञानिक सोच से देश एवं समाज की सेवा की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की विज्ञान के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ाना शिक्षकों का कर्तव्य है। वहीं, आना सिन्हा ने पोर्टेबल एंड फोल्डिंग टेबल विषय पर अपना खोज पूर्ण किया है। उसके द्वारा बनाये गये पोर्टेबल एंड फोल्डिंग टेबल विद्यार्थियों के पठन-पाठन में उपयोगी है। विद्यार्थी सही पोस्चर में बैठकर काम करते हैं। जिसे आसानी से खोल या मोड़ सकते हैं। इसमें हम अपनी जरूरी कागजात सामान भी रख सकते हैं। यह पूर्णतया लकड़ी का बना हुआ टेबल है। जबकि ईशान कुमार झा द्वारा बनाए गए हैंड बैग विथ सेंसर के माध्यम से बैग के चोरी होने पर सेंसर के माध्यम से तुरंत ही पता चल जाता है। यदि अन्य जगह पर भी इसका प्रयोग होता है तो सेंसर के माध्यम से खोलने वक्त या रखते वक्त इसका अंदाज तुरंत ही लग जाता है।

## भाकपा माले की टीम ने किया बिहार-बंगाल धौड़ा भू-धंसान क्षेत्र का दौरा, सरकार पर साधा निशाना



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ईसीएल मुगमा एरिया के कापासारा आउटसोर्सिंग के समीप स्थित बिहार-बंगाल धौडा में हुए भू धंसान क्षेत्र में भाकपा माले की टीम ने रविवार को दौरा किया। टीम ने पीड़ित परिवारों से मिलकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली।बिहार-बंगाल धौडा में रहने वाले 70-80 परिवारों का कहना है कि बिहार-बंगाल कारखाना 1947 में खुला था।तब से ही कारखाना में हमारे पूर्वज काम कर रहे थे।कारखाना बंद होने बाद बकाया वेतन,पीएफ,ग्रेच्युटी भुगतान अभी तक नही हुआ है।आउटसोर्सिंग आने के बाद से लगातार यहां भू धंसान का प्रकोप झेल रहे है। कोई सुध लेने वाला नही है।कई बार ईसीएल प्रबंधन ने पुनर्वास की बात तो की लेकिन समाधान नही हुआ।हमलोग जिस जमीन पर बसे है वह जमीन भी सरकारी है। मौके पर टीम के नेताओ ने कहा कि सरकार व कोल इंडिया के निजीकरण के पॉलिसी के तहत निरसा क्षेत्र के मुगमा एरिया व बीसीसीएल के एरिया 12 में आउटसोर्सिंग लाया गया है और जब से आउटसोर्सिंग कम्पनिया आई है कोयला चोरी के जगह डकैती हो रही है। इस डकैती को लेकर सरकार,जिला प्रशासन,कोलियरी प्रबंधन व जनप्रतिधियों,क्यों चुपी साधे हैं यह समझ से परे है। माले ने बिहार-बंगाल धौडा के सवाल पर जिला प्रशासन व कोलियरी प्रबंधन से मांग किया कि तत्काल कार्रवाई कर धौडा के लोगों को पुनर्वास की व्यवस्था करे,नही तो माले महाधिवेशन के बाद पुनर्वास के सवाल पर आंदोलन करेंगी और कोयला लूट का पदार्फाश भी करगी। मौके पर माले के राज्य कमिटि सदस्य नागेन्द्र कुमार,जिला कमिटि सदस्य हरेन्द्र सिंह,गणेश महतो,सुनील गिरि,जितेंद्र शर्मा, राजनारायण महतो राजकुमार दास,राजेश प्रसाद आदि लोग शामिल थे।

## बच्चों की तालीम के लिए श्रमदान कर लोगों ने की मदरसा छत की ढलाई

**महुदा (आजाद सिपाही)।** अंजुमन रजा ए मुस्तफा तेलमोचो व कुंजी बस्ती में इमाम अहमद रजा मदरसा का श्रमदान कर लोगों ने मदरसा छत की ढलाई कराई। कुंजी बस्ती में मदिना मस्जिद के सामने स्थित मदरसा इमाम अहमद रजा मदरसा की छत की ढलाई को महिला पुरुष बच्चों ने श्रमदान किया। छत ढलाई में अमीर से लेकर गरीब तक सभी ने आर्थिक सहयोग किया। मदरसे के सदर मुजीबुल रहमान ने बताया कि लगभग 15 वर्ष पूर्व मदरसे की तामीर मुहल्ले में बच्चों को तालीम देने के लिए की गई। उस समय मदरसा खपड़ैल का हुआ करता था। अब मदरसे में लगभग 100 से अधिक स्थानीय बच्चे पढ़ते हैं, बच्चों की संख्या को देखते हुये मदरसे का विस्तारीकरण किया जा रहा है।

## घर-घर जाकर जनता को राज्य व केंद्र सरकार की विफलताओं से अवगत करायें कार्यकर्ता : अरूप

### मासस का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** आगामी लोकसभा ,विधानसभा और नगर परिषद चुनाव में मजबूती से अपनी दावेदारी पेश करने के साथ संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य के तहत मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान मासस नेता सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के नेतृत्व में मुगमा मोड़ से ढोल नगाड़े के साथ विशाल जुलूस निकाला गया। जहां कार्यकताओं ने अपनी पार्टी की शक्ति का प्रदर्शन किया। इधर विधायक अरूप चटर्जी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यकताओं को आगामी होने वाले चुनाव की तैयारी को लेकर जुट जाने को कहा साथ ही बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। वही कार्यकताओं से घर घर जाकर राज्य एवं केंद्र की सरकार की नाकामी को बताने की बात कही। इधर कार्यकताओं ने पार्टी प्रत्याशियों की जीत दर्ज कराने को लेकर प्रण किया। वहीं मीडिया से बातचीत में पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा की पार्टी को मजबूत बनाने और आने वाले चुनाव में मजबूती के साथ लड़ने को लेकर आज का ये कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है जल्द ही पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने को लेकर कार्यकर्ता गांव गांव जायेंगे।




## रामकनाली में घर से लाखों की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** रामकनाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श कॉलोनी निवासी दिनेश चंद्र दुबे के आवास में चोरों ने शनिवार की देर रात्रि धावा बोलकर नगदी समेत लाखों के जेवरात ले भागे। चोर आवास के खिड़की का ग्रिल काटकर अंदर प्रवेश किया तथा अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे एक सोना का चैन एक मंगलसूत्र, सोने की तीन अंगूठी,चांदी का चार जोड़ा पायल सहित सात हजार रुपए नगदी समेत कुल 1.5लाख रुपये की संपत्ति ले भागे। घटना की खबर पाकर अहले सुबह रामकनाली ओपी प्रभारी बीके चेतन पुलिस बल के साथ पहुँचे और गृहस्वामी से घटना की जानकारी लेकर मामले की छानबीन में जुट गए। जानकारी देते हुए गृहस्वामी दिनेश चंद्र दुबे ने बताया कि रात्रि करीब तीन बजे घर में कुछ आवाज हुई जिससे हमारी नींद खुल गई। खिड़की से झांक कर देखा तो बाहर दो लो खड़े थे। हमारे शोर मचाने पर वे लोग भागने लगे।दूसरे कमरे में जाकर देखा तो दो अलमारी खुला था सामान जमीन पर तितर-बितर बिखरा पड़ा था। उन्होंने चोरों की संख्या 7 के करीब होने की बात कही है। घटना को लेकर रामकनाली पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है।



## पंचतत्व में विलीन हुए डॉ हाजरा दंपत्ति, बेटे-बेटी ने दी मुखाग्नि

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** झरिया के बस्ताकोला में झरिया-धनबाद गौशाला स्थित मुक्तिधाम में रविवार को डॉ विकास हाजरा, उनकी पत्नी डॉ प्रेमा हाजरा और भांजा सोहम खुमार पंचतत्व में विलीन हो गए। जबकि मृत दो अन्य लोगों के शवों को उनके पैतृक निवास भेज दिया गया। इस दिन सुबह 11 बजे पुराना बाजार टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित सीसी हाजरा अस्पताल निवास से डॉ दंपति और उनके रिश्तेदार का शवयात्रा जैसे ही निकला सभी की आंखें नम हो गई। हर कोई सिर्फ डॉ विकास की खूबियों का बखान करते दिखा। वहीं बस्ताकोला गौशाला पहुंचने के बाद अंत्योष्टि की प्रक्रिया शुरू होते ही बेटी प्रेरणा दहाड़ मारकर रोने लगी। अंत्योष्टि के सारे रस्म बेटे आयुष ने निभाया। जबकि मुखाग्नि बेटे आयुष और बेटी प्रेरणा ने मिलकर दी। जैसे ही प्रेरणा ने मां प्रेमा हाजरा की चिता को मुखाग्नि दी थोड़ी दूर जाते ही वह बेहोश हो गयी। परिजन व अन्य लोग उसे उठाकर ले गए।

### अलग-थलग दिखे भाई समीर हाजरा

अंत्योष्टि के दौरान मुक्तिधाम में डॉ विकास हाजरा के भाई डॉ समीर हाजरा बिल्कुल अलग दिखे। मृतक के बेटे आयुष व बेटी प्रेरणा अंत्योष्टि की सारी रस्में अदा करते रहे। इस दौरान उनकी मदद उनके जानने वाले व रिश्तेदार करते दिखे पर समीर हाजरा किनारे एक ओर कुछ लोगों के साथ बैठे रहे। अंत में सभी चिताओं को मुखाग्नि देकर सभी लोग किनारे हो गए तो डॉ समीर आये और चिताओं को प्रणाम किया। जिसकी चर्चा होती रही।



### बाबा तुम कहां चले गए

शव पर घी डालने या मुंह में गंगा जल डालने से लेकर मुखाग्नि तक दोनों भाई-बहन से हर रस्म अदा करवाया गया। इस दौरान दोनों के आंसू लगातार बह रहे थे। जब बहन ज्यादा रोने लगती तो भाई समझाता तो कभी भाई रोने लगता तो उसे बहन ढांढस बंधाती। हर रस्म के के पहले प्रेरणा पिता डॉ विकास हाजरा और मां प्रेमा हाजरा के शव को छूकर बस एक ही बात कहती बाबा-मां तुम लोग कहां चले गए।

### झारखंड विधानसभा के प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

# जिले में नियमित जिलापूर्ति, खराब पड़े जलमीनारों चापानलों को जल्द ठीक करवायें : डॉ सरफराज

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड विधानसभा के प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति के सभापति डॉक्टर सरफराज अहमद एवं सदस्य ने बोकारो परिसदन में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त कीर्ती श्री.जी, अपर समाहर्ता सादात अनवर, अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे*। इसमें विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान आने वाले प्रश्नों के निराकरण को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही पेयजल एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य, पेंशन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, विद्युत प्रमंडल, कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं सहित अन्य विभागों के कार्यों की अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की। उन्होंने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को जिले में नियमित जिलापूर्ति, खराब पड़े जलमीनारों, चांपानलो आदि को ठीक करवाने का निर्देश दिया गया। वही सदर अस्पताल सहित सभी सरकारी अस्पतालों में बेहतर एवं सुदृढ स्वास्थ्य सुविधा, मूलभूत सुविधाएं, आवश्यक दवाएं आदि की उपलब्धता सहित अन्य बिंदुओं पर सिविल सर्जन से जानकारी ली। कल्याण विभाग के समीक्षा क्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के उचित क्रियान्वयन को लेकर प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की। उन्होंने स्वजल पेंशन योजना को लेकर भी संबंधित पदाधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। इस योजना का लाभ सभी योग्यताधारी लाभुकों को मिले इसे सुनिश्चित करने को कहा। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी परशिला सेंस, जिला कल्याण पदाधिकारी मनीषा वत्स, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।



जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक करते समिति के सभापति।

## फोरेंसिक टीम पहुंची हाजरा अस्पताल, जांच शुरू

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रांची से आयी फोरेंसिक टीम ने अस्पताल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पूरे अस्पताल परिसर को सील कर दिया गया है। टीम के सदस्य हर जगह से नमूने संग्रह कर रहे हैं। टीम डॉक्टर दंपति के बेडरूम में भी जांच कर रही हैं। इसके अलावे टीम के सदस्य ने पूरे अस्पताल परिसर और आग लगने वाले स्थान की वीडियोग्राफी भी की है। टीम के सदस्य आग लगने के कारणों का भी पता लगाने में जुटे हैं। आग अस्पताल और चिकित्सक के घर के बीच गलियारे में लगी थी। यहां स्टोर रूम और सीसीटीवी का सर्वर रूम था। जले हुए कपड़े, कागज, समेत अन्य चीजों को एकत्रित किया गया। दूसरी ओर जांच टीम अस्पताल में काम करने वालों कर्मचारियों से भी पूछताछ करेगी। टीम के साथ स्थानीय पुलिस प्रशासन के लोग भी मौजूद थे।

## सभी की दम घुटने से हुई मौत

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अग्निकांड में मारे गए डॉ दंपति का दोबारा पोस्टमार्टम शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हुआ। पहले सामान्य तरीके से पोस्टमार्टम किया गया था। लेकिन डीसी संदीप कुमार के निर्देश पर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने पांच अलग-अलग शवों के लिए पांच अलग-अलग मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया। प्रत्येक मृतक के लिए अलग-अलग पांच सदस्यीय मेडिकल बोर्ड की टीम बनाई गई। प्रत्येक मेडिकल बोर्ड के लिए अलग-अलग मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई। सभी की वीडियोग्राफी कराई गई। मेडिकल बोर्ड ने पाया कि मारे गए लोगों की मौत जहरीली गैस से दम घुटने से हो गई है। कार्बन मोनोऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी गैस की चपेट में आने से जान गई है। बताया जाता है यह जहरीली गैस हिमोग्लोबिन में जाकर ऑक्सीजन की मात्रा को कम कर देती है। इससे रेसिपट्री टाइप टू कहा जाता है। गैस के कारण है सभी कााा दम घुटता चला गया और यही मौत का कारण बना।

# किट और किस मिनी मैराथन में 1 लाख लोगों की भागीदारी



**सभी के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 25 देशों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रविवार को आयोजित किट और किस मिनी मैराथन में दुनिया भर से एक लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस वर्ष यह कार्यक्रम विशेष था क्योंकि यह संस्थान के रजत जयंती समारोह के साथ हुआ था । देश भर के 25 शहरों में इतने ही देशों में और ओडिशा के 35 शहरों में आयोजित किया गया था। इसके अलावा, यह कोविड महामारी के कारण दो साल के अंतराल के बाद आयोजित किया गया था।

मुख्य कार्यक्रम भुवनेश्वर में आयोजित किया गया था, जहां किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने सुबह 6 बजे राहुल बोस, सब्यसाची मिश्र और अर्चिता साहू जैसे अभिनेताओं की उपस्थिति में भुवनेश्वर (उत्तर) के विधायक सुशांत राउत के साथ मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखायी। डीआइजी एसआईडब्ल्यू अनिरुद्ध सिंह, एथलीट दुती चंद अमिय मल्लिक और अनुराधा बिस्वाल और रग्बी एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रियदर्शी मिश्र शामिल थे। कुलपति सस्मिता सामंत सहित किट के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित थे। समापन समारोह में भुवनेश्वर की मेयर सुलोचना दास शामिल हुए। जेवियर स्क्वायर से किट क्रिकेट स्टेडियम तक 6.5 किमी की दूरी तय करके लगभग 20,000 छात्रों और जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। मिनी मैराथन का उद्देश्य 'सबके लिए शिक्षा' के बारे में जागरूकता पैदा करना था।

# भाजपा कार्यकर्ता अभी से ही मिशन 2024 की तैयारी में जुट जायें : लक्ष्मण प्रसाद सिंह




**धनवार (आजाद सिपाही)।** धनवार प्रखंड क्षेत्र के भूधरनी बूथ नंबर 242 में प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी। इसके बाद धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश को नागरिकों को सहायता प्रदान करने हेतु समय समय पर कई प्रकार की योजनाओं को केंद्र सरकार लागू करती है। श्री सिंह ने कार्यकर्ताओं से आगामी 2024 मिशन की तैयारी की चर्चा करते हुए कहा कि अभी से ही सभी कार्यकर्ता लग जायें। उन्होंने कहा कि प्रखंड, पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक की कमेटियों को संगठित कर मजबूत करे, जब इन सारी कमेटियां संगठित एवं मजबूत हो जायेंगी, तभी हम मिशन 2024 में पूरी सफलता हासिल कर पायेंगे। इस मौके पर उदय सिंह, उपेंद्र सिंह, पवन सिंह, नकुल राय, श्री कांत, विजय अग्रवाल, दामोदर राय, विजय पांडेय, प्रमोद राय, इंद्रदेव राय, अमर सिंह, भातू महतो, लालजीत राय, पिंटू यादव, शिवशंकर सिंह, प्रभात रविदास आदि मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


प्रवीन महतो
निदेशक
प्रवीन टेंट हाउस, पिस्कानगड़ी


कृष्णा महतो
निदेशक
अजन्ता लाइट एंड साउंड, पिस्कानगड़ी

आत्मसमर्पण नीति

26 जनवरी 2023 गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर गुमला जिला के समस्त नागरिकों को गुमला पुलिस की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



समाज के भटके हुए सभी भाई-बहनों से अपील है कि झारखंड सरकार द्वारा घोषित आत्मसमर्पण नीति के तहतआत्मसमर्पण करते हुए मुख्य धारा में शामिल हों तथा सरकार द्वारा घोषित सुविधाओं का लाभ उठायें:-

1. सरकार द्वारा चिह्नित किये गये उग्रवादियों पर घोषित ईनाम की राशि आत्मसमर्पण करने पर उन्हें ही दी जायेगी।
2. आत्मसमर्पण करने वाले व्यक्तियों को घर बनाने के लिए **04 डिसमिल** जमीन तथा 50,000/- (पच्चास हजार) रूपया दी जायेगी।
3. प्रत्यर्पण करने वाले उग्रवादी की योग्यता एवं अभिरूचि के अनुसार पुनर्वास समिति द्वारा कौशल विकास विभाग, झारखंड द्वारा विभिन्न संकायों में व्यावसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी।
4. राज्य अन्तर्गत सरकारी चिकित्सा संस्थानों में उग्रवादी एवं उसके परिवार को निःशुल्क चिकित्सा की व्यवस्था की जायेगी।
5. आत्मसमर्पित उग्रवादी को उसके अनुरोध पर खुला जेल -सह- पुनर्वास केन्द्र में स्थानान्तरण की नियम सम्मत कार्रवाई की जायेगी।
6. आत्मसमर्पण नक्सलियों के अच्छे आचरण के आधार पर उनके उपर चल रहे मुकदमों की पैरवी हेतु वकीलों पर उनके द्वारा किये जाने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति/व्यय का भुगतान किया जायेगा।
7. ऑपरेशन नई दिशा के अंतर्गत देय सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने एवं अपने परिवार का भविष्य उज्जवल करें।
8. आत्मसमर्पण हेतु निम्नांकित नंबरों पर संपर्क करें:-

1. 9431706376 2. 9431706182 3. 9471182118 4. 9431706202 इसके अतिरिक्त आत्मसमर्पण हेतु थाना प्रभारी / पुलिस कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक
पुलिस अधीक्षक
गुमला

ज्ञापांक : 138/ सा.शा., पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला    दिनांक : 25.01.2023

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


गुड्डू उरांव
उप मुखिया
साहेर पंचायत
नगड़ी प्रखंड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


मुकेश महतो
कृषक मित्र चिपरा
पंचायत पिस्कानगड़ी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


ओम प्रकाश टोप्पो
नगड़ी थाना प्रभारी
नगड़ी प्रखंड रांची

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कृष्ण कुमार झा
जावेद अख्तर
शिक्षक राजकृत मध्य
विधालय नगड़ी

गारू प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


सीता देवी
प्रमुख, प्रखंड गारू
लातेहार


रोजगार सेवक संघ
प्रखंड गारू जिला
लातेहार


रंजीत कुमार यादव
थाना प्रभारी बारेसाढ
प्रखंड - गारु, लातेहार


तरुण कुमार सिंह
वन क्षेत्र पदाधिकारी, पलामू व्याघ्र आरक्ष, गारु पश्चमी वन क्षेत्र


मनोज यादव
विधायक प्रतिनिधि, प्रखंड
गारू, लातेहार


रामचंद्र सिंह
विधायक, मनिका
विधानसभा, कांग्रेस


प्रताप टोप्पो
बीडीओ, प्रखंड - गारू
जिला- लातेहार


सुनेश्वर सिंह
मुखिया, पंचायत कारवाई
प्रखंड -गारू, लातेहार


शत्रुधन प्रसाद
प्रधानाचार्य, राजकीय
प्राथमिक विद्यालय
मुकुंदपुर, सरयू, लातेहार



महेश मुंडा
पंचायत सचिव, पंचायत
बरेसाढ, प्रखंड गारु, लातेहार


रूपमणि नगेसिया
मुखिया, पंचायत बारेसाँढ,
प्रखंड -गारु, जिला
लातेहार


आनंद तिग्गा
जेई, गारु, लातेहार


दिनेश कुमार
प्रधानाचार्य, राजकीय, मध्य
विद्यालय, पीरी, प्रखंड
गारु, लातेहार


अरविन्द नगेसिया
प्रधानाचार्य, राजकीय प्राथमिक
विद्यालय पहाड़कोचा, प्रखंड
गारू, जिला लातेहार


सत्येंद्र प्रसाद सिंह
पंचायत सचिव, पंचायत
करवाई, प्रखंड गारू, लातेहार


सुभाष कुमार सिंह
मुखिया, पंचायत -मायापुर
प्रखंड गारु, लातेहार


प्रसाद बैठा
प्रधानाचार्य, राजकीय
मध्य विद्यालय, कोटाम
प्रखंड गारु, लातेहार



राजकीय प्राथमिक
विद्यालय परिवार,
पुरनी डबरी, प्रखंड
गारु, लातेहार



शिवराज सिंह
प्रधानाचार्य, राजकीय प्राथमिक
विद्यालय, कारीटोला, प्रखंड
गारु, लातेहार


राजकीय प्राथमिक
विद्यालय, परिवार लाटू,
पंचायत बरेसाढ, प्रखड़
गारू, लातेहार


बालेश्ववर उरांव
पंचायत सचिव, पंचायत
धाँगरटोला, प्रखंड गारु
लातेहार


अभय कुलचंद तिग्गा
प्रधानाचार्य, राजकीय
उत्क्रमित मध्य विद्यालय
कुजरूम, प्रखंड गारु, लातेहार


अजय टोप्पो
मुखिया, पंचायत रुद,
प्रखंड गारु, लातेहार


मधुसूदन प्रसाद
राजकीय उत्क्रमित मध्य
विद्यालय, नईकी डबरी,
प्रखंड -सरयू, लातेहार



राजकीय प्राथमिक
विद्यालय परिवार
बंदुआ, प्रखंड सरयू
लातेहार



सुखिया नगेसिया
प्रधानाचार्य, राजकीय
प्राथमिक विद्यालय चोरहा
प्रखंड सरयू, लातेहार


राजकीय उत्क्रमित मध्य
विद्यालय, परिवार लाई,
प्रखंड सरयू, लातेहार


राजकीय उत्क्रमित
प्राथमिक विद्यालय
परिवार, सीमाखास, प्रखंड
गारु, जिला लातेहार


बनारसी सिंह
प्रधानाचार्य, राजकीय
प्राथमिक विद्यालय हुरदाग
प्रखंड गारू, लातेहार



राजकीय उतक्रमित
विद्यालय परिवार,
कुई, प्रखंड गारु,
जिला लातेहार



अनिमानन्द कुजूर
प्रधानाचार्य, राजकीय उत्क्रमित
मध्य विद्यालय लोहारगड़ा,
प्रखंड गारु, जिला लातेहार


मुकेश कुमार
प्रधानाचार्य, राजकीय उत्क्रमित
प्राथमिक विद्यालय सुकरीदोहर,
प्रखंड गारु, लातेहार

# ओड़िशा के स्वास्थ्य मंत्री की गोली मार कर हत्या

- भुवनेश्वर के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा, हमला करने वाला गिरफ्तार





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के स्वास्थ्य मंत्री नब किशोर दास ने रविवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्हें दिन के एक बजे झाड़सुगड़ा के ब्रजराजनगर में एक एएसआइ ने गोली मार दी थी। दास को सीने में दो गोली लगी थी, जिसके बाद उन्हें एयरलिफ्ट कर- के इलाज के लिए भुवनेश्वर के अपोलो अस्पताल लाया गया था। घटना के दौरान मंत्री ब्रजराजनगर में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। कार की अगली सीट पर बैठे दास अपने समर्थकों से मिलने के लिए जैसे ही नीचे उतरे एएसआइ ने उनके सीने में दो गोली दाग दी। खून से लथपथ दास कार के पास ही गिर पड़े।

घटनास्थल पर मौजूद उनके समर्थकों ने उन्हें पकड़ा और एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल भेजा। कुछ देर बाद उन्हें एयरलिफ्ट कर भुवनेश्वर के अपोलो अस्पताल लाया गया। घटना के करीब सात घंटे बाद दास की मौत हो गयी। इससे पहले मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी दास से मिलने अस्पताल पहुंचे थे।

**आरोपी एएसआइ गिरफ्तार :** पुलिस ने फायरिंग करने वाले एएसआइ गोपालदास को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है, लेकिन अभी तक आरोपी ने हमले की वजह नहीं बतायी है। इधर, राज्य सरकार ने मामले की जांच सीआइडी-क्राइम ब्रांच को दे दी है। 7 सदस्यीय स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम में साइबर, बैलिस्टिक और क्राइम ब्रांच के अधिकारी शामिल हैं। टीम का नेतृत्व डीएसपी रमेश सी डोरा कर रहे हैं।

**मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने हमले की निंदा की :** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने स्वास्थ्य मंत्री नब दास की हत्या की निंदा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से मैं स्तब्ध हूं। स्वास्थ्य मंत्री नब दास को देखने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भुवनेश्वर स्थित अपोलो अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने हत्या की घटना की निंदा की और अपराध शाखा को जांच के आदेश दिये।

NATIONAL RURAL HEALTH MISSION
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

भारतवर्ष के 74वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, रेफरल अस्पताल, तोरपा (खूंटी) की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत उपलब्ध सुविधाएं
गर्भवती/प्रसूति महिलाओं हेतु सुविधाएं :-
- निःशुल्क प्रसव (सामान्य एवं सिजेरियन)
- निःशुल्क दवाएं
- निःशुल्क प्रसवपूर्व जांच (रक्त, यूरिन एवं अल्ट्रासोनोग्राफी इत्यादि)
- निःशुल्क भोजन
- निःशुल्क रक्त की व्यवस्था
- निःशुल्क रेफरल (ममता वाहन) सुविधा

इस कार्यक्रम के तहत नवजात बीमार शिशु को जन्म से एक वर्ष तक दी जानेवाली सुविधाएं निम्नांकित है-
- निःशुल्क उपचार
- निःशुल्क दवा
- निःशुल्क जांच
- निःशुल्क ब्लड की व्यवस्था
- निःशुल्क रेफरल सुविधा

अयुषमान भारत योजना से निःशुल्क सुविधा

ह./-
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
रेफरल अस्पताल, तोरपा (खूंटी)
ज्ञापांक : 29 (ब) दिनांक : 24.01.2023

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुषमा कुमारी
वार्डन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय
सतबरवा, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ज्वाला गुप्ता
युवा समाजसेवी
सह वार्ड पार्षद प्रत्याशी
नगर परिषद, विश्रामपुर पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. अनिल कुमार सिंह
निदेशक
प्रोग्रेसिव चिल्ड्रेन एकेडमी
रेहला, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनउवर खान
समाजसेवी
सह प्रो. पप्पन एग्ग सेंटर
रेहला, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेम शंकर दुबे
वरीय समाजसेवी
प्रो. अमन ऑटो मोबाइल
विश्रामपुर, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय पांडेय
वरीय समाज सेवी
सह अध्यक्ष सामाजिक सेवा समिति
प्रो. महाबीर ऑटो मोबाइल्स
विश्रामपुर, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेंद्र भारती
संस्थापक
डॉ. बी आर अंबेडकर फ्री कोचिंग सेंटर
वार्ड पार्षद प्रत्याशी वार्ड नंबर -10
नगर परिषद
विश्रामपुर, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
द लाईट ऑफ एशिया माडर्न इंग्लिश स्कूल
पंकज हिंदवी
निदेशक
अर्चना पासवान
प्राचार्य
झुरहि टोला सिगसिगी
विश्रामपुर, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मंजू देवी
मुखिया
मनीष प्रसाद गुप्ता
समाजसेवी सह भाजपा नेता
ग्राम पंचायत बघमनवा प्रखंड
विश्रामपुर (पलामू)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल, बेलचंपा, गढ़वा
अजय उपाध्याय
प्राचार्य
आनंद कुमार पंकज
निदेशक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हीरा केशरी
युवा समाजसेवी
सह वार्ड पार्षद प्रत्याशी
नगर परिषद, विश्रामपुर, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मेंद्र चौधरी मुखिया
ग्राम पंचायत लालगढ़
विश्रामपुर, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
किरण देवी
अध्यक्ष प्रत्याशी
सह भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य
नगर परिषद
विश्रामपुर, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नईमुद्दीन अंसारी
वरीय समाजसेवी
सह राजद अल्पसंख्यक
प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव
विश्रामपुर (पलामू)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय कुमार गुप्ता
संचालक
SBI ग्राहक सेवा केंद्र
कुटमु, पलामू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
किरण देवी
मुखिया
ग्राम पंचायत, सिगसिगी
पिंटू चौधरी
युवा समाजसेवी
विश्रामपुर (पलामू)

समस्त झारखंडवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विष्णु दयाल राम
सांसद, पलामू

पांकी विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ समस्त पलामूवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामदास साहू
वरिष्ठ समाजसेवी
पलामू

समस्त झारखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेंद्र सिन्हा उर्फ गुड्डू
जिलाध्यक्ष
पलाम, झामुमो
कमाल खान
जिला उपाध्यक्ष
झामुमो, पलामू

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**